जबलपुर
सोमवार, 10 नवंबर 2025
- अगहन मास कृष्ण पक्ष-5/6
- वर्ष : 20, अंक : 192
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



सीएम डॉ. यादव ने रोड शो कर कई सभाएं लीं

## यह चुनाव गुंडों को ठिकाने लगाने और विकास का नया अध्याय लिखने का

*जनता का स्नेह बता रहा है, बिहार ने फिर एनडीए सरकार का निर्णय ले लिया है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के ढाका विधानसभा क्षेत्र में रोड-शो कर पूर्वी चंपारण जिले की चिरैया सहित नरकटिया एवं मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव गुंडों को ठिकाने लगाने और सज्जनों की शक्ति बढ़ाने के संकल्प का चुनाव है।

### अब अपराधी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं

डॉ. यादव ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार थी। उस समय पाकिस्तानी आतंकी हमारे निर्दोष नागरिकों का खून बहाते थे।

# शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए गौरवान्वित हूं : आर्यवीर

**अनुरोध पटेरिया**





जबलपुर। गोल्फ महोत्सव जबलपुर के समापन कार्यक्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेकेट्री आर्यवीर आर्य ने कहा कि मैं शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत जी ने जिस उद्देश्य को लेकर मुझे जबलपुर बुलाया था वो पूरा हो गया है। गोल्फ महोत्सव के साथ ग्रीन खेल के युग की शुरुआत जबलपुर में हो चुकी है। इस महोत्सव में गोल्फ प्लेयर के साथ सेना के जवानों के जज्बे ने नई गति दी है। आज गोल्फ टूर्नामिंट में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने भी गोल्फ खेल कर ग्रीन खेल को प्रोत्साहित किया। 8 और 9 नवंबर को आर्मी क्षेत्र में हुए गोल्फ महोत्सव में देश सहित जबलपुर के गोल्फ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन हुए। वही फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा ने शहीदो के परिजनों सहित एंटी ओबेसिटी रन व गोल्फ टूर्नामेंट के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही सैन्य क्षेत्र में संचालित आशा स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया गया। स्कूल को और बेहतर संचालन हेतु डेढ़ लाख की राशि भी गोल्फ फेडरेशन इंडिया द्वारा प्रदान की गई। श्री आर्या ने कहा कि अपने व्यक्तित्व का निर्माण करिए देश का निर्माण तभी होगा। पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति से जुड़ने को लालायित है अतः हम अपनी गौरवमयी विरासत को सहेजे। संस्कृति अपनाने से हमारे अंदर संस्कार के भाव आएंगे और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी से वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। साथ ही स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए खुद स्वस्थ रहना आवश्यक है। गोल्फ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मध्य क्षेत्र की ओर से आर्यवीर आर्य को सम्मानित किया गया। वही गोल्फ फेडरेशन की ओर से आर्यवीर आर्य द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत एवं राजलक्ष्मी शेखावत का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नागपुर विधायक एवं महाराष्ट्र गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष देशमुख व जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु भी मौजूद थे। (फोटो- जीतू वैष्णव)









## खबर संक्षेप

### भारतीय क्रिकेटर ने 11 गेंदों में जड़ी फिफ्टी



सूरत। अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट-ग्रुप मैच के दौरान आकाश ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। सूरत के पिठवाला स्टेडियम में आकाश ने सिर्फ 11 गेंदों पर फिफ्टी पूरी कर ली। आकाश ने 14 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए, जिसमें 8 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। आकाश कुमार चौधरी ने वेन व्हाइट का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### खदान में किसान को एक साथ मिले 5 हीरे



पन्ना। पन्ना के सिरस्वाहा गांव के एक किसान की किस्मत उस वक्त चमक उठी, जब उसे एक साथ 5 नग छोटे-बड़े हीरे मिले। इन हीरों का कुल वजन 5.79 कैरेट है। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए आंकी गई है। किसान ने यह सभी हीरे हीरा कार्यालय में जमा कराए हैं, जहां इन्हें बोली के लिए रखा जाएगा। सिरस्वाहा गांव के किसान ब्रजेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी जमीन पर छह साथियों के साथ मिलकर खुदाई का कार्य शुरू किया था।

'संघ यात्रा के 100 साल: नए क्षितिज' नाम की दो दिन की व्याख्यानमाला का शुभारंभ

संघ पर उठे सवालों का संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने दिया एक-एक करके जवाब

# आरएसएस 'बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स' इसलिए, हमें पंजीकरण की जरूरत नहीं

*डॉ. भागवत ने कहा मुस्लिम हों, ईसाई हों या किसी भी पंथ के लोग हों, सबका स्वागत है, लेकिन शाखा में आने के बाद सब 'भारत माता के बेटे' माने जाते हैं*



डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कांग्रेस नेताओं के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि संघ को व्यक्तियों के समूह के रूप में मान्यता प्राप्त है और इसका पंजीकरण कराना जरूरी नहीं है। भागवत ने एक सवाल-जवाब सत्र में कहा आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। क्या आप उम्मीद करते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के साथ पंजीकृत होते?

**डॉ. भागवत कांग्रेस की आलोचना पर बोले- हम तिरंगे का सदैव सम्मान करते हैं**



संघ प्रमुख ने बेंगलुरु में दो दिवसीय व्याख्यानमाला को संबोधित किया

*हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था?*

*कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं, यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है*

### संघ में आने वालों की जाति या धर्म नहीं पूछा जाता

डॉ. भागवत से पूछा गया कि क्या मुसलमानों को संघ में शामिल होने की अनुमति है, तो उन्होंने कहा संघ में किसी ब्राह्मण, किसी दूसरी जाति, किसी मुस्लिम या ईसाई को अलग से नहीं लिया जाता। संघ में केवल हिंदू समाज के सदस्य आते हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि संघ में आने वाले व्यक्ति अपनी अलग पहचान घर पर छोड़कर आते हैं। डॉ. भागवत ने कहा मुस्लिम हों, ईसाई हों या किसी भी पंथ के लोग सबका स्वागत है। लेकिन शाखा में आने के बाद सब भारत माता के बेटे माने जाते हैं।

### पाकिस्तान को तब तक समझाना होगा जब तक वह न बदले

पाकिस्तान के बारे में पूछे जाने पर डॉ. भागवत ने कहा कि वे मानते हैं कि कभी-कभी पाकिस्तान को वह भाषा समझानी पड़ती है जो वह समझे। उनका मानना है कि बार-बार कोशिशों का जवाब देना चाहिए ताकि उसे समझ आए और वह शांतिप्रिय पड़ोसी बने। उन्होंने कहा कि असल इच्छा यही है कि दोनों देशों की प्रगति हो और क्षेत्र में शांति कायम रहे। भारत लड़ाई शुरू नहीं करेगा, लेकिन शांति भंग करने वालों को बिना सजा के नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ शांति का रास्ता यह है कि हम अपनी तरफ से शांति भंग न करें, लेकिन अगर पाकिस्तान उस शांति को भंग करना चाहता है, तो वह कभी सफल नहीं होगा।

देर रात भूकंप के झटकों से हिला रतलाम

## निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, लोग घरों से बाहर निकले

*रात भर निगरानी करते रहे अधिकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम



दीवार गिरने के बाद पड़ा मलबा

जिले में शनिवार रात करीब 11 बजे हल्के भूकंपीय झटके महसूस किए गए, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई और कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

ये झटके कुछ सेकंड तक रहे और पिपलोदा तहसील के मचून गांव में महसूस किए गए। हालांकि झटके बहुत हल्के थे, लेकिन कंपन महसूस होने से लोगों में चिंता और भय का माहौल बन गया।

विंध्यवासियों के लिए खत्म हुआ इंतजार

## आज से रीवा से 2 घंटे में दिल्ली तक का 'सफर'

*सीएम करेंगे शुभारंभ सप्ताह में 3 दिन चलेगी फ्लाइट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा




डिप्टी सीएम ने तैयारियों का जायजा लिया

विंध्यवासियों के लिए हवाई सेवाओं के इंतजार की घड़ी समाप्त हो रही है। यहां नव निर्मित एयरपोर्ट से अब दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू हो रही है। अलायंस एयर की यह उड़ान सोमवार से शुरू होगी। सप्ताह में 3 दिन ये फ्लाइट मिलेगी। जो दो घंटे में रीवा से दिल्ली पहुंचा देगी। इसी के साथ व रीवा, विंध्य और आसपास के लोगों को दिल्ली के लिए वायु सेवा का नियमित लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

भोपाल में 37 साल की सबसे ठंडी रात

## 5 जिलों में सीवियर कोल्ड वेव, 12 जिलों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



छह जिलों में रात का पारा 8 डिग्री तक

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को लगातार दूसरे दिन कड़ाके की सर्दी का असर रहा। भोपाल में 37 साल की सबसे ठंडी रात रही, जबकि पांच जिलों में सीवियर कोल्ड वेव और तीन जिलों में कोल्ड वेव रही। सबसे ठंडे शहर शाजापुर में पारा 6.6 डिग्री पर आने से कड़ाके की सर्दी रही। शनिवार को भी भोपाल सहित प्रदेश के चार जिलों में सीवियर कोल्ड वेव का असर रहा है। सोमवार से पूर्वी मप्र में भी शीतलहर का असर बढ़ेगा। करीब एक दर्जन जिलों में कोल्ड वेव के लिए अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को भोपाल, राजगढ़, सीहोर, इंदौर और शाजापुर में सीवियर कोल्ड वेव रही।

कटनी में तेज रफ्तार का कहर

## कार ने मारी ऑटो को टक्कर, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




तालाब में गिरने से कार का दरवाजा लॉक

बिलहरी क्षेत्र में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। कार पहले सड़क किनारे खड़े एक ऑटो से टकराई और फिर उछलकर रैलिंग को तोड़ती हुई लक्ष्मण सागर तालाब में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 2 अन्य युवकों ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचाई। कुठला पुलिस के मुताबिक रात करीब साढ़े 11 बजे 4 युवक कार में सवार कटनी से बिलहरी लौट रहे थे। बिलहरी पहुंचने से ठीक पहले तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया।

किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी

## नौसेना के 2 जवानों की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ट्रक ने 20 मीटर तक घसीट दिया

प्रशिक्षण के लिए भोपाल आए दो जवानों की परवलिया सड़क इलाके में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात मुबारकपुर टोल के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। उन्हें किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद नेवी को सौंप दिए है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से केरल निवासी आनंद कृष्णन (18) और विष्णु आर (27) नौसेना (नेवी) में आरक्षक थे। वे नेवी के नौका विहार के प्रशिक्षण के लिए भोपाल आए थे। सभी जवान अंसल अपार्टमेंट श्यामला हिल्स में रुके हुए हैं। शनिवार देर रात आनंद कृष्णन और विष्णु आर केटीएम बाइक से खजूरी सड़क किसी से मिलने पहुंचे।




राहुल ने जिलाध्यक्षों के साथ मार्शल आर्ट की पोशाक पहनकर उनको फिटनेस और फोकस पर आधारित 30 मिनट का अभ्यास कराया

# जो जिलाध्यक्ष बैठक में देरी से पहुंचा, राहुल ने उससे 10 पुशअप लगवाए, राव बोले- हमारे यहां यही सजा

**राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को पढ़ाया संघर्ष और एकजुटता का पाठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से दिल्ली रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने पचमढ़ी में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जिलाध्यक्षों के साथ विशेष सत्र किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संगठन को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप दिया है।उन्होंने हर जिलाध्यक्ष को जमीन पर उतरकर जनता के साथ जुड़ने का मंत्र दिया है। जिलाध्यक्षों के बैठक में देरी से आने पर सजा के तौर पर राहुल गांधी ने दस पुशअप लगवाए।

**जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संगठन को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप दिया**





राहुल गांधी पचमढ़ी में। सुबह उन्होंने जंगल सफारी का आनंद लिया।

### 2028 का लक्ष्य, हर जिले में हो मजबूती

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस कई जगह बेहद मामूली अंतर से चुनाव हारी है और इसे बदलने के लिए संगठन को एकजुट होकर हर घर तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा निराश होने की जरूरत नहीं है, मेहनत की जरूरत है। खुद के लिए नहीं, संगठन के लिए काम कीजिए। 2028 में कांग्रेस सरकार बनाना हमारा साझा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उसी सोच को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### गिरोगे, लेकिन फिर उठकर लड़ना ही जीत की कुंजी

*पचमढ़ी में राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। हर आठ में से एक वोट चोरी किया गया। मध्य प्रदेश में भी ऐसा हुआ है। हमारे पास सबूत हैं, जो हम आहिस्ते-आहिस्ते दिखाएंगे। राहुल ने कहा कि मुख्य मुद्दा वोट चोरी है, जिसे अब एसआईआर से कवर किया जा रहा है।*






## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सतापक्ष और विपक्ष के दिग्गजों ने निकाली रैली

# आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध घुसपैठियों के मुद्दे पर कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी, पार्टी ने दलितों का अपमान किया

एजेंसी ▶▶ पटना

गृहमंत्री अमित शाह ने सासाराम में सभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध घुसपैठियों के मुद्दे को उछाला तथा विपक्षी नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों के समय आतंकवादियों पर कार्रवाई ढीली रहती थी। शाह ने कहा कि जब सोनिया, मनमोहन और लालू के समय था, तो आतंकवादी घुस आते थे, हमारे देश में हमला करते थे और भाग निकलते थे, कोई सवाल नहीं करता था। मोदी सरकार आने के बाद उरी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक की गई और पुलवामा हमले के बाद हवाई कार्रवाई की गई। पाहलगाम में हमारे टूरिस्टों से उनके धर्म के बारे में पूछा गया और उन्हें मारा गया। 22 दिनों में हमने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया।

### *आतंकी गोली चलाएंगे तो अब गोला चलेगा*

उन्होंने शस्त्राई स्वर में कहा कि यहां मां शाक्तिपीठ की पवित्र भूमि पर मैं कहता हूं, अगर आतंकवादी गोली चलाएंगे तो हम गोलाबारी से जवाब देंगे। क्या आप जानते हैं वह गोला कहां बनेगा? प्रधानमंत्री मोदी बिहार में डिफेंस कॉरिडोर बनाएंगे और एक आर्डनेंस फैक्ट्री स्थापित की जाएगी।


सभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह

### दलित नेता को कांग्रेस ने पीएम बनने से रोका

दलित नेता बाबू जगजीवन राम का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बन सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें रोका। कांग्रेस ने हमेशा दलितों के साथ अन्याय किया है। लालू प्रसाद यादव झूठ फैला रहे हैं कि जीविका दीदी पहल के तहत महिलाओं के खातों में डाले गए 10,000 रुपए वापस लिए जाएंगे। उनकी तीन पीढ़ियां भी यह राशि वापस नहीं ले सकतीं।

### राहुल और तेजस्वी ने घुसपैठियों के समर्थन में यात्रा निकाली

शाह ने आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी नेता विशेषकर राहुल और तेजस्वी घुसपैठियों के समर्थन में यात्रा निकालते हैं। कुछ दिन पहले राहुल और तेजस्वी ने एक यात्रा निकाली थी, ये यात्रा उन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली थी। हमारे देश में घुसपैठिए हमारे युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं, गरीबों के राशन में अपना हिस्सा ले रहे हैं और देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। वे जो करना चाहें, करने दें, मैं कहता हूं कि हम बिहार और देश से एक-एक घुसपैठिए को निकालने का काम करेंगे।

**चिराग का 'इंडी' पर निशाना**

### उसमें एकता नहीं, वे दोस्ताना लड़ाई लड़ रहे



राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए चिराग ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि उनकी जोड़ी को मजबूत क्यों कहा जा रहा है। राहुल गांधी एक बार बिहार आए और फिर नजर नहीं आए। उनके गठबंधन में एकता नहीं है, वे दोस्ताना लड़ाई लड़ रहे हैं।

### वे 2030 में होंगे सीएम का चेहरा

2030 के विधानसभा चुनाव को लेकर चिराग ने कहा कि वे मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनकर आऊंगा या नहीं, यह मैं 2029 में तय करूंगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे उपमुख्यमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

**पूर्णिया में राहुल ने फिर पुराना राग अलापा**

### दिग्गजों का नाम लेकर फिर से लगाया 'वोट चोरी' का आरोप



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पूर्णिया में कहा कि मैंने हरियाणा में वोट चोरी पर एक प्रेजेंटेशन दिया और पूरे देश को दिखाया कि हरियाणा में 25 लाख से ज़्यादा वोट चोरी हुए। एक बूथ पर ब्राजील की एक महिला की तस्वीर 200 बार दिखाई गई, भाजपा नेता उत्तर प्रदेश से हरियाणा में वोट देने आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश के लोग यहां वोट देने आ रहे हैं। मैं साफ़ कह रहा हूं कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चुरा रहे हैं, वे बिहार में ऐसा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में ऐसा किया। मैं बिहार के युवाओं, जेन जेड से कह रहा हूं कि मतदान केंद्र पर सावधान रहना और वोट चोरी न होने देना हमारी ज़िम्मेदारी है। नरेंद्र मोदी-नीतीश कुमार अंबानी-अडाणी के लिए काम करते हैं, वे आपका भविष्य आपसे चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

**अल्वी ने पीएम मोदी पर कसा तंज**

### पीएम की तुलना अयूब खान के साथ की

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग से ठीक पहले प्रचार के आखिरी दिन नेताओं के बीच



जुबानी जंग चरम पर पहुंच गई। भाजपा के राहुल गांधी की पंचमढ़ी जंगल सफारी पर सवाल उठाने और गिरिराज सिंह के बुर्के वाले बयान के बाद कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कड़ा पलटवार किया है। अल्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पाकिस्तानी सेना के पूर्व कमांडर-इन-चीफ अयूब खान के साथ की। पीएम मोदी ने मन की बात अयूब खान से सीखी है।

**चुनाव के बीच तेज प्रताप बोले**

### वे मुझे मरवा देंगे, इसलिए सुरक्षा बढ़ी

पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और आरजेडी के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने बड़ा बयान



दिया है। उन्होंने कहा है कि मेरी सुरक्षा बढ़ा दी गई है क्योंकि मुझे खतरा है। ये लोग मुझे मरवा भी देंगे। सब दुश्मन लगे हुए हैं। तेजस्वी का जन्मदिन है। जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं, उज्ज्वल भविष्य हो, आशीर्वाद है। चुनावी सरगर्मी के बीच केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने तेज प्रताप यादव को 'वाई प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। अब वे जवानों के घेरे में रहेंगे।

## सीएम योगी की हुंकार | कांग्रेस-राजद वाले आकर विकास को पंक्चर कर देंगे

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नरपतगंज हाई स्कूल स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों कांग्रेस, राजद और सपा पर सीधा प्रहार किया। अररिया जनपद में खुलकर कहा कि बिहार में फिर से 'जंगलराज' लाने की कोशिश करने वालों को रोकना जरूरी है। पंक्चर बनाने वाले यहां आकर विकास को पंक्चर करने का काम करना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि नरपतगंज को किसी भी तरह से 'घुसपैठियों का लॉन्चिंग पैड' नहीं बनने देना है।



### महागठबंधन ने बिहार को बीमारू बनाया

योगी ने कहा कि जिस बिहार ने दुनिया को नालंदा विश्वविद्यालय और ज्ञान की रोशनी दी, उसी बिहार को कांग्रेस और राजद की जोड़ी ने निरक्षरता और अराजकता की तरफ धकेल दिया। कांग्रेस-राजद ने इस पवित्र भूमि को जातीय विभाजन और माफियागीरी से कलंकित किया। कांग्रेस और राजद ने समाज को जाति के नाम पर बांटा, सरकारी खजानों की लूट मचाई और बिहार के नौजवानों को बेरोजगार बनाया। इनकी करनी से बिहार बीमारू बन गया।

**जिनका इतिहास कलंकित उन पर भरोसा न करें**

जिन लोगों ने बिहार के नौजवानों के भविष्य पर सवाल खड़ा किया, वे बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं और जनता को लालच देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनका अतीत कलंकित और काला है, उन पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है।

**चुनाव से पहले ही भाजपा को खुशखबरी**

### डीएनएचडीडी चुनाव में बंपर जीत, 2 सीटों पर सिमटी कांग्रेस



चुनावी गहमागहमी के बीच भाजपा को बड़ी खुशखबरी मिली है। दादरा नगर हवेली, दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में पांच नवंबर को हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 122 में से 107 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा ने सभी नगर परिषदों, जिला पंचायतों और ग्राम पंचायतों पर बहुमत हासिल कर लिया। कांग्रेस को केवल 2 सीटें मिली।

---

## खबर संक्षेप

### क्लासमेट को गोली मारी, 2 गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** यहां शनिवार देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दो नाबालिगों ने कथित तौर पर



अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से 11वीं कक्षा के एक सहपाठी को गोली मार दी। छात्र की हालत नाजुक है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घटना के कुछ घंटों के भीतर ही दोनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### हिमंता सरकार 580 ठिकानों को तोड़ेगी

**गुवाहाटी।** असम में अतिक्रमण और घुसपैठियों के खिलाफ ताबड़तोड़ एक्शन हो रहा है और



गोलपाड़ा में जिला और वन विभाग के अधिकारियों ने वन विभाग की 1140 बीघा की जमीन पर अतिक्रमण करके रह रहे 580 परिवारों को हटाने का काम शुरू हो गया है और उनके ठिकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

### उद्धव के घर के ऊपर ड्रोन दिखने से हड़कंप

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के विधायक अनिल परब ने एक सनसनीखेज दावा किया है। उनका



कहना है कि पार्टी चीफ उद्धव ठाकरे के निवास स्थान 'मातोश्री' के ऊपर ड्रोन मंडराता देखा गया है। यह एक हाई सिक्योरिटी जोन है, जहां ड्रोन की एंट्री से हड़कंप मच गया है। परब ने मामले की जांच करवाने की मांग की है।

### गहलोत के सामने धारीवाल व गुंजल समर्थक भिड़े

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर आपसी मतभेद खुलकर सामने आ गए। शनिवार रात को



कोटा रेलवे स्टेशन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने ही पार्टी दो खेमों में बंटती दिखी। गहलोत जैसे ही ट्रेन से उतरे, पूर्व मंत्री शांति धारीवाल और प्रहलाद गुंजल के समर्थकों के बीच नारेबाजी, धक्कामुक्की हो गई।

## उत्तराखंड के 'सिल्वर जुबली' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने की शिरकत

# 8,260 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी जलापूर्ति, इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन की शुरुआत


कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री

**बच्चों और लाभार्थियों से संवाद भी किया, बच्चों ने गुलाब का फूल भेंट किया**

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड राज्य के गठन को रविवार को 25 साल पूरे हुए। इस 'सिल्वर जुबली' के मौके पर देहरादून में खास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। उन्होंने उत्तराखंड को 8,260 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। ऐतिहासिक एफआरआई मैदान में पीएम मोदी को सुनने के लिए वहां एक लाख से ज्यादा लोग मौजूद रहे। उत्तराखंड सरकार का अमृतकाल में 'विकसित उत्तराखंड' के विजन पर जोर है। समारोह में उन्होंने बच्चों तथा लाभार्थियों से संवाद भी किया। इन परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पारंपरिक ढोल-वाद्य यंत्रों से उनका भव्य स्वागत किया। बच्चों ने प्रधानमंत्री को गुलाब का फूल भेंट किया।

### बुजुर्गों और लाभार्थियों से संवाद किया

प्रधानमंत्री मोदी ने एफआरआई में एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बुजुर्गों और अन्य लाभार्थियों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने राज्य में 8,140 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण किया।


पीएम ने किया अवलोकन

**इन परियोजनाओं का किया शुभारंभ**

प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून शहर के 23 जोनों में पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिए अमृत योजना के तहत जलापूर्ति परियोजना शामिल है। पिथौरागढ़ जिले में इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन का भी शुभारंभ किया गया। सरकारी भवनों में सोलर पावर प्लांट की स्थापना और नैनीताल के हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड का निर्माण भी इन परियोजनाओं का हिस्सा है।

**बच्चों से मिले पीएम मोदी**



पीएम मोदी ने कार्यक्रम स्थल परलगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में उत्तराखंड की 25 वर्षों की यात्रा को दिखाया गया है। उन्होंने महिला उद्यमियों, विभिन्न हितधारकों से संवाद किया। पीएम मोदी यहां कुछ बच्चों

**नैनी सैनी एयरपोर्ट के अधिग्रहण पर किया ऐतिहासिक समझौता**

प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के बीच पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी एयरपोर्ट के अधिग्रहण के लिए समझौता ज्ञापनपर हस्ताक्षर किए गए। यह सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ हवाई संपर्क की दिशा में अहम कदम है।

### गढ़वाली में संबोधन, पीएम ने गिनाईं 25 वर्षों की उपलब्धियां

- पीएम मोदी ने भाषण की शुरुआत गढ़वाली भाषा में जनता के अभिवादन से की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का मेरा भाई बंधो, भैया भूली, आप सभी को मेरा नमस्कार।
- पीएम ने कहा कि '2047 मा भारत थे विकसित देशों की लेन मा ल्याण थुणी म्यारो उत्तराखंड मेरो देवभूमि पूरी तरह से त्यार छिन।
- उन्होंने कहा कि पहले उत्तराखंड का बजट 4 हजार करोड़ था। आज ये बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है।
- उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश बना है। बिजली उत्पादन 4गुना ज्यादा हो गया है।
- यहां रोड कनेक्टिविटी पर बेहतर काम हो रहा है। सड़कों की लंबाई बढ़कर दोगुनी हो गई है।
- प्रदेश में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिला है। अब एक दिन में 4 हजार यात्री हवाई जहाज से आते हैं।
- प्रदेश में इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या बढ़ी है। आज यहां 10 मेडिकल कॉलेज हैं।
- आज हर गांव वैक्सीन कवरेज के दायरे में आ गया है।
- शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल से जुड़े प्रोजेक्ट यहां विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।
- राज्य में दो लाख से अधिक की परियोजनाओं का काम चल रहा है।
- 'जहां चाह वहां राह'। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे।
- यहां हर विधानसभ में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज यहां बनने चाहिए।
- पहाड़ी भोजन को पर्यटकों की परोसना होगा।
- स्थानीय मेलों और पर्वों को लाने के लिए एक जिला एक मेला जैसा अभियान चलाया जा सकता है।
- डेमोग्राफिक चेंज, भूमि अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर भी धामी सरकार ने बेहतर काम किया है।
- आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जनता की हर संभव मदद का प्रयास किया है।

**पीएम को लिखा खून से पत्र**

## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भारत रत्न दिया जाए

एजेंसी ▶▶ मथुरा


दिनेश फलाहारी

बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भारत रत्न देने की मांग की गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने प्रधानमंत्री को खून से पत्र लिखकर यह मांग रखी है। वृंदावन के महामंडलेश्वर राधा नंद गिरी के आश्रम में दिनेश फलाहारी महाराज ने ये पत्र लिखा और कहा कि धीरेंद्र ने विश्वभर के सनातनियों को एक सूत्र में बांधा है। वे जाति-पाति, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर, हर हिंदू को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने जो कार्य किया है, वह सनातन धर्म के उत्थान और एकता के लिए अमूल्य है। फलाहारी महाराज का कहना है वे शास्त्री हनुमान जी के परम भक्त हैं। उन्होंने कठिन यात्राएं करके हिंदू समाज को जागरूक किया है और हिंदू राष्ट्र की दिशा में एक नई सोच को जन्म दिया है।

**थरूर का चौंकाने वाला बयान**

## नेहरू को चीन युद्ध, आडवाणी को केवल रथ यात्रा से न आंकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक लाल कृष्ण आडवाणी की विरासत का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदिरा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है। थरूर ने 'एक्स' पर यह बयान आडवाणी के 98वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए दिया। थरूर ने आडवाणी को 'एक सच्चे राजनेता' बताते हुए कहा कि उनका लोकसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के वकील संजय हेगड़े ने थरूर की आलोचना करते हुए लिखा माफ कीजिए थरूर साहब, लेकिन इस देश में नफरत के बीज बोना लोकसेवा नहीं कहा जा सकता।

**महाराष्ट्र के नंदुरबार में बड़ा हादसा**

## 20-30 छात्रों को ले जा रही बस खाई में गिरी, 1 मौत

एजेंसी ▶▶ नंदुरबार

महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। नंदुरबार के देवगोई घाट इलाके में एक बड़ा बस हादसा हुआ है। देवगोई घाट में एक स्कूल बस 100 से 150 फीट गहरी खाई में गिर गई है। बताया जा रहा है कि बस में 20 से 30 छात्र सवार थे। इस हादसे में अब तक एक छात्र की मौत होने की खबर है। यह घटना बेहद बड़ी और चौंकाने वाली है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की ओर सेराहत कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच



रहे हैं। नंदुरबार में सतपुड़ा पर्वत के सुदूर इलाकों से छात्र स्कूल जाते हैं। ऐसे में बच्चे स्कूल बस में स्कूल जा रहे थे। इसी बीच देवगोई घाट पर चालक ने वाहन से कंट्रोल खो दिया और यह स्कूल बस सीधे 100 से 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया है।

**मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी कर रही काम**

## मुंबई में 70 किमी लंबी अंडरग्राउंड टनल बनाई जाएगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ( एमएमआरडीए) शहर में ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रही है। इसमें शहर के नीचे तीन चरणों में 70 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड रोड टनल नेटवर्क बनाने की योजना है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ग्लोबस सिटी बनाने के लिए टनल होना बहुत जरूरी है। इससे ट्रैफिक कम होगा और यात्रा सुगम होगी। वहीं, प मुख्यमंत्री एकनाथ सिंदे ने कहा कि यह मुंबई इन मिनट्स का सपना पूरी करेगी। सरकार का यह विजन साकार होगा।

### राज्य सरकार ने ग्लोबल सिटी बनाने के लिए बताया जरूरी



**पहले चरण में लगभग 16 किमी का मार्ग तैयार होगा**

अधिकारियों के अनुसार पहले चरण में लगभग 16किमी का मार्ग तैयार होगा, जो कोस्टल रोड को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और हवाई अड्डे टर्मिनल -2 से जोड़ेगा। दूसरे चरण में लगभग 10किमी की पूर्व-पश्चिम टनल बनाई जाएगी, जो ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे को जोड़ेगी। तीसरे चरण में 44किमी लंबा उत्तर-दक्षिण मार्ग होगा। नेटवर्क सिग्नल-फ्री और हाई-स्पीड यात्रा के लिए है।

**अवधारणा दूरदर्शी लेकिन कार्यान्वयन बेहद जटिल होगा**

मुंबई की जटिल भूगोलिक स्थितिबेसाल्ट चट्टान, भूस्खलित भूमि और घनी अंडरग्राउंड यूटिलिटी और टनल निर्माण की उच्च लागत परियोजना के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अवधारणा दूरदर्शी है, लेकिन कार्यान्वयन बेहद जटिल होगा।

**भीड़भाड़ वाले मुख्य मार्गों से मिलेगा छुटकारा**

इस परियोजना का उद्देश्य यात्रियों को भीड़भाड़ वाले मुख्य मार्गों और ट्रैफिक सिग्नलों से बचाकर सीधे भूमिगत मार्ग उपलब्ध कराना है। इससे यात्रा का समय कम होगा और सड़क पर ट्रैफिक, शोर और प्रदूषण में कमी आएगी। एमएमआरडीए ने पहले चरण के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर ) बनाने और तकनीकी, आर्थिक व पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति शुरू कर दी है।

## अमेरिका के जवाब में रूस करेगा परमाणु परीक्षण

# अमेरिका और रूस में परमाणु हथियारों की शुरु हो गई नई रेस! लावरोव बोले-पुतिन के आदेश के बाद न्यूक्लियर टेस्ट पर काम शुरू किया

*अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियारों की नई रेस शुरू होती दिखाई दे रही है। रूस के विदेश मंत्री ने कहा है कि राष्ट्रपति पुतिन के निर्देश के बाद परमाणु हथियारों के परीक्षण फिर से शुरू करने को लेकर काम किया जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

दुनिया में एक बार फिर परमाणु परीक्षणों की रेस शुरू होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद अब रूस ने कहा है कि परमाणु परीक्षणों को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्देश पर काम किया जा रहा है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के बारे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नवीनतम निर्देशों पर काम किया जा रहा है। पांच नवंबर को सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान, जिसमें लावरोव अनुपस्थित थे, पुतिन ने विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, खुफिया सेवाओं और नागरिक एजेंसियों को निर्देश दिया था कि यदि अमेरिका 'व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि' (सीटीबीटी) के तहत परमाणु परीक्षणों पर रोक का पालन नहीं करता है, तो रूस द्वारा परमाणु हथियार परीक्षणों की तैयारी की संभावना पर प्रस्ताव सौंपे।




रूस की तैयारियों की झलक दिखाती तस्वीर। (इन्सर्ट में) पुतिन

### अमेरिका बना रहा परीक्षण की योजना



रूस के विदेश मंत्री लावरोव



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### योजना के साथ काम शुरू

*रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने लावरोव के हवाले से कहा, रूसी विदेश मंत्रालय ने पांच नवंबर को सुरक्षा परिषद की बैठक में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए निर्देश को कार्यान्वयन के लिए स्वीकार कर लिया है और इस पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जनता को परिणामों की जानकारी दी जाएगी।*

### उत्तर कोरिया ने सीटीबीटी के बावजूद 5 परीक्षण किए

पिछले 21वीं सदी में केवल उत्तर कोरिया ने 2006 से 2017 तक पांच विस्फोट परीक्षण किए हैं, जबकि भारत और पाकिस्तान ने 1998 में परीक्षण किए थे। ट्रंप का बयान हाल के अमेरिकी-रूसी तनावों के बीच आया है, जिसमें यूक्रेन युद्ध पर बातचीत रद्द होने और मॉस्को की युद्धविराम से इनकार का मुद्दा शामिल है।

### रूस ने दी बड़ी चेतावनी

*रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने चेतावनी दी कि यदि कोई मोरेटोरियम तोड़ता है, तो रूस उचित कदम उठाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र, इस विकास पर नजर रखे हुए है, क्योंकि इससे वैश्विक स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। रूस ने कहा है कि प्रस्ताव जल्द ही तैयार हो जाएंगे, और परिणामों को सार्वजनिक किया जाएगा।*

---

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का आरोपी विधायक विदेश भागा

**पटियाला।** दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे पटियाला जिले के सनौर विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पुलिस पंजाब व हरियाणा में तलाशती रही और वह आस्ट्रेलिया पहुंच गए। आस्ट्रेलिया से जुड़े एक चैनल को दिए इंटरव्यू के दो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए तो इसका पता चला। पठानमाजरा विदेश में हैं या कहीं और, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, पुलिस साइबर क्राइम टीम के जरिये पठानमाजरा के प्रसारित वीडियो के अपलोड होने के आइपी एड्रेस जांच रही है।



### चट्टान से टकराकर क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर, 5 की मौत

**नई दिल्ली।** रूस के दागिस्तान में यात्रियों से भरा एक हेलिकॉप्टर अचानक क्रैश हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे का डराने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें जमीन से टकराने के कारण हेलिकॉप्टर का पिछला हिस्सा टूटा नजर आ रहा है। यह हादसा कैस्पियन सागर के तट पर स्थित रूस के दागिस्तान क्षेत्र में हुआ। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर यूजर्स के होश उड़ गए हैं। रूस के आपातकाल मंत्रालय के अनुसार, यह निजी हेलिकॉप्टर था।

---

### 300 प्रवासियों को म्यांमार ले जा रहा था जहाज

## मलेशिया के तट पर डूबा, 10 लोगों की बची जान, 290 लापता



जहाज के डूबने से पहले की तस्वीर

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

म्यांमार से लगभग 300 प्रवासियों को ले जा रही एक नाव थाईलैंड और मलेशिया की सीमा के पास हिंद महासागर में पलट गई। इससे हाहाकार मच गया। इस घटना में सिर्फ 10 लोगों को बचाया जा सका है। जबकि रेस्क्यू टीम ने एक व्यक्ति का शव समुद्र में तैरता हुआ बरामद किया है।

अन्य सभी लोग अभी लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही टीम को नाव डूबने की घटना की जानकारी तत्काल नहीं मिल सकी। इस वजह से सैकड़ों लोग लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि नाव के डूबने का समय और सटीक स्थान का तत्काल पता नहीं चल सका। इसलिए अधिकांश लोग लापता हो गए। एक मलेशियाई अधिकारी ने कहा कि जहाज संभवतः थाई जलक्षेत्र में पलट गया था। चेतावनी दी कि खतरनाक समुद्री मार्गों का उपयोग करके प्रवासियों का शोषण करने में सीमा पार के गिरोह तेजी से सक्रिय हो रहे हैं।

### बचाए गए लोगों में रोहिंग्या ज्यादा

पुलिस प्रमुख ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कुछ रोहिंग्या मुसलमान हैं जो मुख्य रूप से म्यांमार में रहते हैं, जहां उन्हें दशकों से उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। मलेशियाई समुद्री प्रवर्तन एजेंसी के प्रथम एडमिरल रोमली मुस्तफा ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि नाव म्यांमार के रखाइन राज्य के बुथीदांग शहर से रवाना हुई थी और तीन दिन पहले डूब गई। एजेंसी ने शनिवार को मलेशिया के उत्तरी रिसॉर्ट द्वीप लंगकावी के पास पानी में कई जीवित बचे लोगों के पाए जाने के बाद खोज और बचाव अभियान शुरू किया।

---

### हाफिज सईद का सहयोगी कर रहा जिहादी बनने की अपील

# लश्कर कमांडर सैफुल्लाह की नई धमकी बांग्लादेश के रास्ते भारत पर करेगा हमला

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

लश्कर-ए-तैय्यबा का चीफ हाफिज सईद फिर भारत पर हमले की साजिश रच रहा है। इस बार वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमले का षड्यंत्र रच रहा है। इस काम को अंजाम देने के लिए हाफिज ने अपने एक सहयोगी को बांग्लादेश भेज दिया है, जहां उसने भारत पर हमले के लिए कमांडरों और हिजादियों को भर्ती कर उन्हें ट्रेनिंग देने का काम शुरू कर दिया है। यह ऐलान पाकिस्तान के लश्कर कमांडर और हाफिज सईद के करीबी सैफुल्लाह सैफ ने की है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा किए गए हमलों से आतंकी बौखलाए हुए हैं।

लश्कर कमांडर ने एक रैली में भीड़ को जिहादी बनने के लिए खुलेआम ललकार रहा है और भारत पर हमले की बात कर रहा है। वह यह भी बता रहा है कि हाफिज सईद चुप नहीं बैठा है और वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमले की योजना को आकार दे रहा है। सैफुल्लाह सैफ ने यह दावा 30 अक्टूबर को एक रैली में किया। लश्कर कमांडर सैफुल्लाह सैफ ने कहा कि हाफिज सईद का एक शीर्ष सहयोगी पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में सक्रिय है और वह भारत के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का प्लान बना रहा है। उसने यह बात पाकिस्तान के बस्ती अली दी गोथ, खैरपुर तमीवाली में रक्षा साथियों और वहलिबात सम्मेलन में एक उग्र भाषण के दौरान कही।

### भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बिलबिला रही आतंकवादियों की फौज

### 30 अक्टूबर की रैली में सैफुल्लाह ने हांकी डींगें, वीडियो वायरल



वीडियो में गीदड़ धमकी देता दिखा आतंकी सैफुल्लाह

### ऑपरेशन सिंदूर की मार से तड़प रहे आतंकी

*पाकिस्तान के आतंकवादी 6-7 मई की रात और उसके बाद 9-10 मई की रात पाकिस्तान पर किए गए बड़े हमले से बौखलाए हुए हैं। लश्कर कमांडर सैफुल्लाह अपने भाषण में पाकिस्तानी फौज की झूठी बहादुरी की डींगे भी हांक रहा है। वह कह रहा है कि पहले भारत पाकिस्तान पर चढ़ा रहता था...और अमेरिका भी उसके साथ खड़ा रहता था, लेकिन 10 मई की रात पाकिस्तान ने जब भारत पर हमला किया तो पूरी दुनिया ने उसका दमखम देखा। आप लोगों ने पूरी दुनिया को बता दिया कि हममें कितनी ताकत है। लश्कर आतंकी ने अपनी पीठ थपथपाते कहा कि 10 मई को पाकिस्तान की बहादुरी ने परिदृश्य बदल दिया है...अब पाकिस्तान नई ताकत बनकर उभरा है। लिहाजा अमेरिका भी अब हमारे साथ है और बांग्लादेश भी अब पाकिस्तान की ओर खिंचा आया है, जिसे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अलग कर दिया था। लश्कर आतंकी ने आगे कहा कि हमारे संगठन पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में भी सक्रिय हैं। आप लोग भी जिहाद में शामिल होइये। ताकि भारत को जवाब दिया जा सके।*

### गुजरात में 3 आतंकी गिरफ्तार, 2 यूपी और 1 हैदराबाद का रहने वाला

*गुजरात एटीएस ने एक बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकियों में दो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं जबकि एक हैदराबाद से ताल्लुक रखता है। सूत्रों के मुताबिक, ये तीनों आतंकी हथियारों की अदला-बदली के लिए गुजरात पहुंचे थे और देशभर में आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस की टीम पिछले एक साल से इन आतंकियों पर नजर रख रही थी। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ है कि ये आतंकी आईएसआईएस से जुड़े हुए हैं और देश में बड़े पैमाने पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी में थे। फिलहाल तीनों आतंकियों से पूछताछ जारी है और एटीएस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है। इधर जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के खिलाफ केंद्रीय और राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाई तेज हो गई है। अभियान के दौरान पुलिस को हथियारों के पार्ट्स और कई डिजिटल डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।*



आरोपियों की तस्वीर आई सामने

---

### पीएनबी घोटाला केसः पीएमएलए कोर्ट ने दी मंजूरी

## अब चौकसी की चांदी की ईंटें, कीमती पत्थर और आभूषण सहित 46 करोड़ की संपत्ति होगी नीलाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े घोटाले के मामले में मेहुल चौकसी की संपत्तियां नीलाम की जाएंगी। मुंबई के पीएमएलए कोर्ट ने मेहुल चोकसी की गीतांजलि जेम्स की कई संपत्तियों की नीलामी को मंजूरी दे दी है।

मुंबई की अदालत ने मेहुल चोकसी की लगभग 46 करोड़ रुपए की संपत्ति और चांदी की ईंटों की नीलामी की अनुमति दी है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने 23,000 करोड़ रुपए के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले की केंद्र में रही कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड को भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी से जुड़ी 13 असुरक्षित संपत्तियों का मूल्यांकन और नीलामी करने की अनुमति दे दी है। इन सूचीबद्ध संपत्तियों में बोरीवली में चार आवासीय फ्लैट, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में भारत डायमंड बोर्स में कार्यालय परिसर, गोरेगांव पूर्व में विरवानी औद्योगिक एस्टेट में चार औद्योगिक इकाइयां और जयपुर विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित चांदी की ईंटें, अर्ध-कीमती पत्थर और आभूषण बनाने वाली मशीनें शामिल हैं।



व्हील चेयर पर चौकसी

### अदालत के नाम पर डिपॉजिट होगी राशि

पीएमएलए कोर्ट ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी से जुड़ी आभूषण कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के परिसमापक को उसकी असुरक्षित संपत्तियों का मूल्यांकन और नीलामी करने की अनुमति दे दी है। साथ ही निर्देश दिया है कि बिक्री से प्राप्त राशि को धन शोधन मामले के समाप्त होने तक अदालत के नाम से फिक्स डिपॉजिट के रूप में रखा जाए। 4 नवंबर के आदेश में, विशेष न्यायाधीश एवी गुजराती ने इस साल फरवरी में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा नियुक्त परिसमापक शांतनु रे की अर्जी स्वीकार कर ली। गीतांजलि जेम्स, 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में शामिल केंद्रीय संस्थाओं में से एक है, जिसमें चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है।

---

### पाक-अफगान के बीच नहीं बनी बात

## तीसरे राउंड की बैठक में नहीं निकला हल, फिर जंग के आसार

**काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तीसरे राउंड की वार्ता का कोई निष्कर्ष नहीं निकला। एक तरफ इस्तांबुल में तीसरे दौर की वार्ता चल रही थी, तो वहीं दूसरी ओर सीमा पर दोनों पक्षों में गोलीबारी जारी थी। इस बीच अफगान सरकार ने जानकारी दी है कि दो दिवसीय बैठक का कोई नतीजा नहीं निकला। अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को कहा कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच इस्तांबुल, तुर्की में दो दिवसीय शांति वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। बैठक को लेकर अफगानी प्रवक्ता मुजाहिद के हवाले से कहा, पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के गैर-जिम्मेदाराना रवैए और सहयोग की कमी के कारण, बैठक बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई। जानकारों के मुताबिक इसके बाद से माना जाने लगा है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग बढ़ सकती है? इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शस्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा था।



इस्तांबुल की बैठक।

---

### असम राइफल्स हाफ मैराथन का पांचवां संस्करण 14 दिसंबर को शिलांग में होगा

#### 20 लाख इनामी राशि जर्सी मेडल और रूट का अनावरण

## असम राइफल्स हाफ मैराथन का अगला संस्करण दिसंबर में, जीतने वालों को मिलेंगे लाखों रुपए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सबसे पुरानी अर्धसैनिक बलों में से एक असम राइफल्स द्वारा आयोजित "असम राइफल्स हाफ मैराथन" का पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को मेघालय की राजधानी शिलांग में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शनिवार को नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें इस बहुप्रतीक्षित खेल आयोजन की जानकारी दी गई। असम राइफल्स, जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत है और वर्ष 1835 में स्थापित हुई थी, ने इस आयोजन की शुरुआत 2021 में फिटनेस, आपसी सौहार्द और जनता के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी। इस बार की मैराथन में लगभग 3,000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जो 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की तीन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 12 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के धावक इसमें भाग ले सकेंगे। विजेताओं के लिए कुल 20 लाख रुपये की इनामी राशि रखी गई है। इस अवसर पर आयोजकों ने इस वर्ष की जर्सी (ग्रे और मैरून रंग की), फिनिशर मेडल और दौड़ के रूट का भी अनावरण किया।

**5, 10 और 21 किमी की तीन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा होगी**



अधिकारियों ने प्रेस से बात की

### पंजीकरण और श्रेणियां

*जो भी प्रतिभागी इस दौड़ का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे असम राइफल्स की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को गुडी बैग, फिनिशर मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा जिसमें उनकी टाइमिंग और दौड़ी गई दूरी का उल्लेख होगा। 5 किमी रन सभी आयु वर्ग के लिए खुली है।10 किमी रन में छह आयु वर्ग (12–18, 18–30, 30–40, 40–50, 50–60 और 60+) शामिल होंगे। 21 किमी हाफ मैराथन में पाँच आयु वर्ग (18–30, 30–40, 40–50, 50–60 और 60+) भाग ले सकेंगे।*



दूसरे स्थान पर भुवनेश चौहान, तीसरे नंबर पर सागर के यशपाल स्वर्णकार, चौथे नंबर पर अभिषेक जैन रहे भोपाल टॉप 10 से बाहर

# राज्य सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी डीएसपी में 13 महिलाएं, टॉप- 5 में सभी पुरुष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




शनिवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने 2023 राज्य सेवा परीक्षा के फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में प्राप्तांक के आधार पर प्रदेश में पन्ना के ईडबल्यूएस कैटेगरी के अजीत कुमार मिश्रा ने टॉप किया है। कुल 229 पदों में से 13 महिलाओं ने पुलिस विभाग में डीएसपी पद के लिए सफलता पाई है। रिजल्ट के अनुसार टॉप 10 में 3 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि टॉप 5 में सभी पुरुष उम्मीदवार हैं। एमपीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम रिजल्ट जारी कर दिया। राज्य सेवा परीक्षा 2023 में 229 पदों के लिए हुई थी। इसमें कुल 19 पदों से में केवल 6 पद महिलाओं के लिए आरक्षित थे, लेकिन परीक्षा में 13 पदों पर चयन हुआ है। दूसरे स्थान पर भुवनेश चौहान को 941.75 अंक प्राप्त किए। तीसरे नंबर पर सागर के यशपाल स्वर्णकार रहे। इन्होंने कुल 909 अंक प्राप्त किए है। चौथे नंबर पर अभिषेक जैन को 889.25 अंक प्राप्त किए। पांचवें स्थान पर अनुराग गुर्जर रहे। उन्होंने कुल 888.25 अंक प्राप्त किए।

### पन्ना के टॉपर अजीत मिश्रा के पिता किसान एवं माता गृहणी

पन्ना के अजीत मिश्रा ने पीएससी 2023 में टॉप किया है। उनके पिता किसान हैं और मां गृहणी हैं। वह साल 2022 में पहले नायब तहसीलदार चयनित होकर अभी मैहर में पदस्थ हैं। साल 2024 में वह असिस्टेंट डायरेक्टर फायनेंस के पद पर चयनित हो चुके हैं। यह उनका चौथा प्रयास था। अजीत मिश्रा ने इंदौर होलकर कॉलेज से बीएससी की परीक्षा पास की है। इन्होंने कुल 1575 में से 966 अंक प्राप्त किए। इसमें मुख्य परीक्षा में 821 और इंटरव्यू में 145 अंक प्राप्त किए।

### डिप्टी कलेक्टर बने जैन

दमोह के अभिषेक जैन चौथे नंबर पर रहे हैं। वे डिप्टी कलेक्टर बने हैं, इसके पहले 2024 में डीएसपी पर चयनित हो चुके हैं। सागर के यशपाल स्वर्णकार अभी ऑडिट सेवा में है। साल 2021 में वह इसमें चयनित हुए थे, फिर वह 2022 में जीएसटी इंस्पेक्टर पर चयनित हुए। यह उनका तीसरा चयन है।

### जबलपुर हाईकोर्ट में फाइनल सुनवाई हुई

एमपीपीएससी 2023की प्री परीक्षा दिसंबर 2023 में हुई थी। इसके बाद मेंस 11 से 16 मार्च 2024 में हुई थी। इसमें प्री के दो सवालों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी। इसके बाद उम्मीदवारों के हक में फैसला आया और इस पर मई 2024 में आयोग ने रिट अपील दायर की और स्टे लिया। जुलाई 2025 में जबलपुर हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई और एक सितंबर को ऑर्डर रिजर्व रखा गया। इस पर अंतिम फैसला 7 नवंबर को आया। इसके बाद आयोग ने यह रिजल्ट 8 नवंबर को जारी कर दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोपों पर दी प्रतिक्रिया

# कांग्रेस के शासनकाल में भी होता था एसआईआर, भाजपा किसी भी व्यक्ति के अधिकार छीनने के खिलाफः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



फाइल फोटो

भारतीय जतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर जनता के बीच झूठ और भ्रम फैलने में लगे हैं।

दिग्विजय सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेताओं द्वारा मतदाता के एसआईआर और नागरिकता को लेकर जो बयान दिए जा रहे हैं या आरोप लगाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से तथ्यहीन और निराधार हैं। कांगेस नेता वोट बैंक की राजनीति के चलते पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी किसी भी व्यक्ति के अधिकार छीनने के पूरी तरह से खिलाफ है। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की यह प्रक्रिया देश में पहली बार नहीं की जा रही है। कांग्रेस के शासनकाल में भी चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया अपनाई जाती रही है, तब कांग्रेस पार्टी ने इस प्रक्रिया का कभी विरोध नहीं किया। अब कांग्रेस जनता को भ्रमित करने और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए निराधार आरोप लगा रही है।

### मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य हो रहा

खंडेलवाल ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है कि मतदाता सूची से मृत, डुप्लीकेट या फर्जी नाम हटाया जाना चाहिए। चुनाव आयोग द्वारा पारदर्शी चुनाव कराने के लिए नियमों के तहत एसआईआर की प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से चलाई जा रही है। एसआईआर के तहत मृत, डुप्लीकेट या फर्जी नामों को हटाता है ताकि लोकतंत्र मजबूत बने। हर नागरिक को अपने नाम के जोड़ने या आपत्ति दर्ज कराने का पूरा अधिकार है। इसमें न तो भाजपा का कोई हस्तक्षेप है, न ही सरकार की कोई भूमिका। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह का यह कहना कि 99 प्रतिशत भारतीयों के पास नागरिकता प्रमाण-पत्र नहीं है, यह आरोप पूरी तरह गलत और भ्रामक है। भारत में मतदान के लिए किसी नागरिकता प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होती। चुनाव आयोग पहले की तरह ही जन्म प्रमाणपत्र, स्कूल सर्टिफिकेट, राशन कार्ड या आधार दस्तावेज स्वीकार करता है। कांग्रेस जनता को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है।

तकनीकी दिक्कतों में उलझा एसआईआर का काम, इधर बीएलओ एप में पिता-दादा ही मैच, बाकी अनमैच

# अधूरा एसआईआर, हजार बीएलओ अनट्रैंड नहीं मिली ट्रेनिंग, पुराने वर्जन मोबाइल हैंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पांच दिन पहले शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में अब तक पांच लाख से अधिक गणना पत्रक बांटने का दावा किया जा रहा है। हालांकि पोर्टल पर अब तक बीस फीसद भी काम नहीं किया गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह बीएलओ एप में चाचा और ताऊ का रिलेशन स्वीकार्य नहीं करना सामने आया है। इधर जिले के 2029 पोलिंग बूथों पर तैनात बीएलओ में से एक हजार से अधिक बीएलओ अनट्रैंड हैं, जिसकी वजह से वह भी बीएलओ एप को चलाने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। दरअसल इन लोगों ने एसआईआर का ट्रेनिंग ही नहीं की है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि निर्वाचन आयोग ने आधी-अधूरी तैयारी के साथ एसआईआर का काम शुरु किया है।

जिले की सात विस के 21 लाख 25 हजार 683 मतदाताओं को गणना पत्रक देकर उनकी जानकारी बीएलओ एप पर अपलोड की जानी है। जिसके आधार पर ही वोटर का नाम नई वोटर लिस्ट में रहेगा या नहीं यह तय किया जाएगा। जिसको लेकर राजधानी के बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में गणना पत्रक बांटने के साथ बीएलओ एप पर भी जानकारी अपलोड कर रहे हैं। अब तक बीस लाख गणना पत्रक छपकर आ गए हैं, लेकिन नरेला और गोविंदपुरा विस क्षेत्र के सौ से अधिक बीएलओ को फार्म नहीं मिले हैं, जिसकी वजह से इनके क्षेत्रों में पांच दिन गुजर जाने के बाद भी एसआईआर का काम ही शुरु नहीं हुआ है। इधर पहले दिन जिला निर्वाचन कार्यालय पांच दिन में पूरे गणना पत्रक बांटने का दावा कर रहा था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर दस दिन कर दिया है। एसआईआर के काम में सबसे पीछे गोविंदपुरा विस का काम चल रहा है।

» अब तक पांच लाख से अधिक गणना पत्रक बांटने का दावा

» पोर्टल पर अब तक बीस फीसद भी काम नहीं हुआ

एसआईआर के काम में सबसे पीछे गोविंदपुरा विधानसभा का कार्य



बूथ नंबर 39 में मतदाता को गणना पत्रक वितरित करते बीएलओ

### बीएलओ के पोलिंग बूथ बदलने से दिक्कत

एसआईआर का ऐलान होने के साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय ने एसडीएम स्तर पर कई बीएलओ के क्षेत्र बदल दिए थे, जबकि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर दूसरे बीएलओ का नाम दर्ज था। जिसकी वजह से गणना पत्रकों में भी पुराने बीएलओ के नाम प्रिंट हो गए हैं। जिसको देखते हुए अब स्टांप सील बनवाकर गणना पत्रक पर दर्ज की जा रही है।

### ओल्ड वर्जन मोबाइल में भी दिक्कत

भारत निर्वाचन आयोग ने गणना पत्रक को भरकर लेने के साथ बीएलओ एप में भी जानकारी अपलोड करने की हिदायत बीएलओ को दी है। जिसको लेकर कई बीएलओ के पास ओल्ड वर्जन वाले पुराने मोबाइल फोन हैं, ऐसे में उन्हें इस एप पर काम करने में मोबाइल दिक्कत दे रहा है। कई बीएलओ जब एप पर जानकारी अपलोड कर रहे हैं, तो मोबाइल बार-बार हैंग हो रहे हैं।

### ड्यूटी नहीं करने की फिराक में ट्रेनिंग छूटी

एसआईआर का ऐलान होने के साथ ही कलेक्टोरेट और तहसील दफ्तरों में बीएलओ की ड्यूटी नहीं करने को लेकर कर्मचारियों की भीड़ जमा होने लगी थी। ऐसे में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की सख्ती के बाद सभी बीएलओ को काम शुरु करना पड़ा। जिसकी वजह से कई बीएलओ एसआईआर के काम की ट्रेनिंग नहीं ले पाए। अब इन लोगों को फील्ड में काम करने में दिक्कत आ रही है।

### पोलिंग बूथ पर आईटी टीम होगी तैनात

बीएलओ के घर-घर गणना पत्रक बांटने के दौरान पोलिंग बूथों पर भी आईटी टीम को तैनात किया जा रहा है। सोमवार से यह टीम काम करना शुरु कर देगी। हालांकि इस टीम को शुरुआत में ही तैनात किया जाना था, जिससे वोटर्स को मदद मिलती। इस टीम के साथ एनसीसी और एनएसएस के वॉलेंटियर्स को भी लगाया जा रहा है, जिससे एसआईआर के काम को आसानी से निपटाया जा सके।

### एसआईआर की रोजाना मॉनिटरिंग

सभी पोलिंग बूथों पर बीएलओ तेजी से काम कर रहे हैं। जिसके लिए विधानसभा स्तर पर रोजाना मॉनीटरिंग की जा रही है। बीएलओ को जहां भी दिक्कत आ रही है, उसके लिए सुपरवाईजर भी तैनात किए गए हैं। बीएलओ ने पचास फीसद से अधिक मैपिंग भी कर ली है।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

### घर में कुत्ता होने से किया इंकार



कुत्ते के हमले से घायल बीएलओ

### गणना पत्रक बांटने गए बीएलओ पर कुत्ते ने किया हमला

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 63 के बीएलओ कैलाश केदार छह नवंबर को मतगणना पत्रक लेकर वैशाली नगर कोटरा सुल्तानाबाद में मकान नंबर पांच पर गए थे, जहां उन्होंने पूछा कि आपके यहां कोई श्वान तो नहीं है तो उनसे इंकार कर दिया। इससे वह अंदर चले गए गणना पत्रक लेकर इससे वहां मौजूद श्वान ने उन पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। यह मकान अधिवक्ता का बताया जा रहा है। जिसकी जानकारी एसडीएम टीटी नगर डॉ. अर्चना शर्मा को दी गई तो उन्होंने आला अधिकारियों को जानकारी दी ओर उनका उपचार करवाया गया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि मतदाता बीएलओ का सहयोग करें व सूची में आप लोगों के ही नाम का सत्यापन कर रहे हैं।

# एचईपीएल रिन्यूएबल एनर्जी के साथ 100 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री कुसुम योजना (कंपोनेंट-ए) के तहत मप्र के विभिन्न जिलों में सौर विद्युत संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इसके तहत कई सौर ऊर्जा कंपनियों ने समझौता किया है। यह समझौता गांवों, खेतों और किसानों के जीवन में उजाला लेकर आएगी। इससे प्रदेश के सौर ऊर्जा परिदृश्य में एक कदम और जुड़ेगा।

इसी के तहत गौतम सोलर प्राइवेट लिमिटेड और एचईएलपी रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड 2025 'एक्सपो' के दौरान 150 करोड़ मूल्य का 100 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति समझौता किया, जो अब तक का सबसे बड़ा एकल-खरीदकर्ता करार माना जा रहा है। यह समझौता भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में न केवल व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम भी है।

इस कंपनी ने गौतम सोलर के निदेशक गौतम मोहनका और एचईएलपी रिन्यूएबल एनर्जी के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड-2025 के मंच ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति में दर्ज किया। इस करार के तहत गौतम सोलर अपने उच्च दक्षता वाले मेड इन इंडिया मॉड्यूल (550डब्ल्यूपी से 640 डब्ल्यूपी तक) की आपूर्ति करेगा, जो तकनीकी रूप से सशक्त और टिकाऊ हैं।

# सूने मकान में चोरी के आरोपी दो बांग्लादेशी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

पुलिस ने दो बांग्लादेशी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है, जिनके द्वारा फेरी वाला बनकर सुने मकानों की रेकी करने के बाद रात में चोरी की घटना को आसानी से अंजाम देते थे, इन चोरों के पास से फर्जी वोटर आईडी कार्ड भी बरामद किया गया है, वहीं पुलिस ने इन आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल व सोने चांदी के आभूषण के साथ ही नगदी रकम भी बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि बांग्लादेशी युवक आरोपी आबुर शेख उर्फ बाबू शेख उर्फ शेख समीर निवासी बांग्लादेश हाल निवास सासाहांडी कोरापुट उड़ीसा व बबलू चंद्र दास निवासी बांग्लादेश वर्तमान पता पतिराम दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल पता सासाहांडी कोरापुट उड़ीसा के द्वारा फर्जी वोटर आईडी कार्ड बनाने के बाद ओडिसा के सासाहांडी में किराए के मकान में रह रहे थे।

इन आरोपियों के द्वारा बस्तर जिले के सनसिटी, धरमपुरा, महावीर नगर, धरमपुरा, कंगोली, नाईकगुड़ा बस्तर, बोथघाट थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। ये दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से मोहल्ले-मोहल्ले घूम घूम कर पहले रेकी करते थे। उसके बाद रात को चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे, इन आरोपियों में आबुर शेख उर्फ बाबू शेख उर्फ शेख समीर पहले भी इसी तरह कांकेर जिले में चोरी के मामले में जेल में रह चुका है, आरोपी के द्वारा पकड़े जाने के बाद अपना मूलतः पता बांग्लादेश बताया, इन आरोपियों ने बताया कि ओडिसा से रात को जगदलपुर आने के बाद सूने मकानों में इन घटनाओं को अंजाम देने के बाद वापस ओडिसा में जाकर छिप जाते थे, लेकिन पुलिस ने अपने सायबर अधिकारी से लेकर मुखबिर व फोन को ट्रेस किया गया।

अस्पताल में भर्ती, पुलिस कर रही मामले की जांच

# संदिग्ध हालात में लहूलुहान मिला युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला पेंड्रा मरवाही

सड़क किनारे खून से लथपथ अवस्था में युवक के मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान अभय मरावी पिता पान सिंह मरावी, निवासी पसान थाना क्षेत्र, जिला कोरबा के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि अभय कल शाम अपने घर से निकला था, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने जब उसकी तलाश शुरू की तो कहीं कोई सुराग नहीं मिला।इसी दौरान सूचना मिली कि पेंड्रा मुख्य मार्ग स्थित मातिन दाई चौरा के पास सड़क किनारे एक युवक लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। परिजन मौके पर पहुंचे और देखा कि वह अभय ही था। उसके सिर पर गंभीर चोटें पाई गईं, जिसके बाद तत्काल उसे जीपीएम जिला अस्पताल लाया गया। फिलहाल अभय की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजन अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि यह मामला सड़क



हादसे का है या किसी अन्य घटना का परिणाम। युवक अभी बदहवास स्थिति में है, इसलिए उसके होश में आने के बाद ही पूरी घटना की सच्चाई सामने आ सकेगी। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को भेज दी है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

सर्च ऑपरेशन पर निकले थे जवान, पैर में गंभीर चोट

# आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के फूलबगडी थाना क्षेत्र के गोगुंडा जंगल-पहाड़ी इलाके में शनिवार दोपहर एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी के दौरान आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई है। इस विस्फोट में 74वीं बटालियन सीआरपीएफ का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि ब्लास्ट के वक्त जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। घटना में जवान के पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

मौके पर मौजूद जवानों ने तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद घायल को सुरक्षित निकाला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए



जवान को हेलीकॉप्टर से रायपुर एयरलिफ्ट किया गया, जहां उसे बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। ब्लास्ट की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और संभावित माओवादी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में माओवादियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है, जबकि घटना की विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी।

नैरोबी में मनाया गया मप्र स्थापना दिवस, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअली संबोधित

# हमारा दूसरा घर है केन्या, गौरव और परंपरा का प्रतीक है केन्या और मध्यप्रदेश का रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र और छत्तीसगढ़ मूल के सैकड़ों परिवार काफी लंबे समय से केन्या में रह रहे हैं। पिछले तीन वर्षों से इन दोनों राज्यों के मूल निवासी संगठित होकर बेहद प्रभावी तरीके से हमारी संस्कृति और हमारी परंपराओं का गौरव बढ़ा रहे हैं। वहां अपनी मेहनत, ईमानदारी और कर्मठता एवं जीवटता के बल पर केन्या की प्रगति और विकास के भागीदार बने हुए हैं। केन्या के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन में सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को केन्या की राजधानी नैरोबी में आयोजित मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भारतीय समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और मध्यप्रदेश की समृद्ध परम्परा व संस्कृति का उत्सव मनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्या हमारा दूसरे घर जैसा है। गर्व की बात है कि हमारे लोग विदेश की धरती पर भी अपनी पहचान और संस्कृति को दृढ़ता से जीवित रखे हुए हैं। एकता की शक्ति इस कार्यक्रम में भी नजर आ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नैरोबी जैसे अन्तर्राष्ट्रीय शहर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाना अपने आप में गौरव की बात है




नैरोबी में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को वीसी से संबोधित करते सीएम

### मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भाई-भाई हैं, अपना जन्मदिन साथ ही मनाते हैं। उन्होंने सभी को मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नैरोबी में हुए कार्यक्रम में उपस्थित केन्या में भारत के उच्चायुक्त आदर्श स्वाइका, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान और केन्या हिंदू काउंसिल की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता कोतमराजु, डॉ. महेन्द्र का आभार व्यक्त किया।

### सीएम ने कहा- आप सच्चे अर्थों में मध्यप्रदेश के ब्रांड एम्बेसडर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्व और त्यौहार परिवार के साथ मनाएं तो उत्साह दोगुना हो जाता है। हम राज्योत्सव मना रहे हैं। एक से तीन नवम्बर तक तीन दिन का भव्य राज्योत्सव आयोजन प्रदेश में किया गया है। आज उसी उत्साह और ऊर्जा का आपके बीच भी अनुभव हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि आप सात समंदर पार होकर भी हमारे मन में बसते हैं। देश से दूर होकर भी हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रसार कर रहे हैं। आप सच्चे अर्थों में मध्यप्रदेश के ब्रांड एम्बेसडर हैं। आपको स्थापना दिवस मनाते देख बेहद प्रसन्नता हो रही है।

### विभिन्न स्थानों से रथ यात्राएं निकालेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार विकसित मध्यप्रदेश-समृद्ध भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और प्रवासी भारतीयों की भागीदारी इस यात्रा को और सशक्त बनाएगी। और यह हर प्रदेशवासी के लिए गर्व और सुखद अनुभूति का विषय है। उन्होंने विदेश में बसे मध्यप्रदेश के लोगों से राज्य की प्रगति और पहचान को वैश्विक स्तर पर फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभिजीत गुप्ता, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ केन्या के अध्यक्ष किंशुक चौकसे और सचिव विकास नामदेव सहित बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रवासी भारतीय मौजूद थे।

# भारत गोल्फ महोत्सवः संस्कारधानी में रहा यादगार आयोजन







गांव-गांव से गोल्फ के खिलाड़ी निकालने के मकसद से गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया पूरे देश में भारत गोल्फ महोत्सव मना रही है। इसी कड़ी में संस्कारधानी जबलपुर में भारत गोल्फ महोत्सव का आयोजन किया गया जहां गोल्फ कोर्स में खेल के बाद वीर नारियों का सम्मान किया गया। सेना की मध्य कमान के सहयोग से जबलपुर में हुए इस कार्यक्रम को आर्मी के कोबरा ग्राउंड में आयोजित किया गया जिसमें फिल्म एक्टर रणदीप हुड्डा, सेना की मध्य कमान के लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत और गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सैक्रेटरी आर्यवीर आर्य शामिल हुए। गोल्फ महोत्सव में खेल के आयोजन के बाद भारत देश के लिए सरहद पर शहीद हो जाने वाले 11 शहीदों की मां, पत्नी व परिजनों का मंच से सम्मान किया गया। साथ ही रन फॉर एंटी ओबिसिटी ड्राईव को लेकर हुई मैराथन के विजेताओं को भी ईनाम दिया गया। कार्यक्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने स्पेशल चिल्ड्रन के लिए काम कर रहे इंडियन आर्मी के आशा स्कूल को भी डेढ़ लाख रुपयों की राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इंडियन आर्मी की मध्य कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत ने कार्यक्रम को जमकर सराहा तो गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सैक्रेटरी आर्यवीर आर्य ने भारत गोल्फ महोत्सव के जबलपुर एडिशन को सबसे सफल बताया और दोबारा यहां गोल्फ का महोत्सव आयोजित करने की बात कही।

## झलकियां

- भारत गोल्फ महोत्सव में शामिल हुए अभिनेता रणदीप हुड्डा
- गोल्फ को एलीट क्लास से निकालकर गांव तक पहुंचाने का है मिशन
- मेक इन इंडिया को प्रमोट करना भी है इसका उद्देश्य
- संस्कृति, एनवायरमेंट और युवाओं को जागरूक करने की है कोशिश
- देशभर में 100 गोल्फ के मेगा इवेंट कराना बहुत खुशी की बात
- आयोजन के लिए गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या को मिली बधाईयां
- मैं इस इवेंट के साथ शुरू से जुड़ा हुआ हूं और आगे भी जुड़ा रहूंगा
- भारत गोल्फ महोत्सव की पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हुई थी शुरुआत, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा समापन।



इस अवसर पर सरहद पर अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन कर वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजनों का सम्मान किया गया। अमित गुहा रॉय की पत्नी श्रीमती कमलेश गुहा रॉय, इंडो पाक युद्ध में शहीद सी कुंडो की पत्नी रेखा कुंडो, ऑपरेशन रक्षक में शहीद मुन्नाला लाल की पत्नी रुक्मिणी देवी, राजेंद्र सिंह की पत्नी सुनीता सिंह, कृष्णदेव द्विवेदी की पत्नी विमला देवी, अमित कुमार की पत्नी श्रीमति मीरा कोष्टा, मुन्नालाल की पत्नी सोमवती देवी, भारत यदुवंशी की पत्नी उर्मिला यदुवंशी, श्रीमती ऊषा पटेल, सुनीता सिंह, सुनीता शुक्ला को फेडरेशन के महासचिव आर्यवीर आर्य, जनरल पदम सिंह शेखावत, श्रीमति राजलक्ष्मी शेखावत, जगत बहादुर सिंह अन्नू, श्रीमती यामिनी सिंह सहित अभिनेता रणवीर हुड्डा द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में देशभक्ति की प्रस्तुतियों पर जवानों ने उत्साह से हिस्सा लिया और आयोजन स्थल पर तिरंगा लहराकर देश भक्ति भाव को प्रदर्शित किया। पंजाब बोर्डर से कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए सेना के सुरेन्द्र सिंह ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। सुरेन्द्र सिंह जो टीवी के कार्यक्रम इंडियन आइडियल में भाग ले चुके है, ने देश भक्ति के गानों को प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। वे गोल्फ फेडरेशन के जनरल सेकेट्री आर्यवीर आर्य के विशेष आमंत्रण पर जबलपुर आए।





प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर मोटापे से बचाव और निदान का संदेश देते हुए एंटी ओबीसीटी का आयोजन गोल्फ महोत्सव में किया गया। जिसके विजेता चमन आतिश, गौरव कुमार, शिवेंद्र सिंह अभिषेक चौधरी, ऋषभ राज अमृताश कुमार, नेहा, गीत गुज्जर, मोनिका, ग्वारिका, प्रज्ञा और श्रेया को साइकिल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।



सैन्य क्षेत्र में संचालित दिव्यांग जन आशा स्कूल के छात्रों द्वारा खेल सहित कई विषयों में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है । स्कूल का संचालन सेना द्वारा किया जा रहा है। श्रीमती राजलक्ष्मी शेखावत के मार्गदर्शन में स्कूल ने प्रतिभाओं को तराशा जा रहा है। यहां के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते है। इस अवसर पर इंसान गुप्ता सहित अन्य मेधावी छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया वही स्कूल प्राचार्य का कुशल मार्गदर्शन कार्यक्रम में रहा।



गोल्फ महोत्सव के समारोह में जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू व श्रीमति यामिनी सिंह पूरे समय मौजूद रहीं। उन्होंने आयोजन की सराहना की व जबलपुर में ग्रीन खेल के लिए नगर में व्यापक संभावना बताते हुए इस खेल को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयत्न करने की आवश्यकता बताई तथा गोल्फ खेल के विकास के लिए खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग करने के लिए प्रस्ताव दिया।

### सड़क बनी सुगम, लोगों ने कहा अब मिली राहत

# मेडिकल कॉलेज रोड पर दोबारा चली अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई

जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज रोड पर शनिवार को दोबारा रिपीट कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन और प्रशासनिक टीम के सहयोग से सड़क के दोनों किनारों पर वर्षों से जमे स्थायी और अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के बाद मेडिकल कॉलेज रोड पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त दिखाई दी। नागरिकों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि अब सड़क पर आवागमन पहले से अधिक सुगम हो गया है।

## अभियान को मिला जनसमर्थन, कर्मियों का बढ़ा उत्साह

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान लोगों ने निगम टीम का उत्साहवर्धन किया। नागरिकों के समर्थन से नगर निगम के उड़नदस्ता दल के सदस्यों में भी जोश देखा गया।निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि "नगर निगम का यह अभियान सिर्फ अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम अतिक्रमण मुक्त क्षेत्रों को व्यवस्थित रूप देने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।" अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से और अखिलेश भदौरिया ने



जानकारी दी कि अतिक्रमण हटने के बाद मेडिकल कॉलेज रोड पर वाहनों की आवाजाही काफी आसान हो गई है। उन्होंने बताया, "पहले जहां जगह-जगह ठेलों और दुकानों के कारण जाम की स्थिति रहती थी, वहीं अब सड़क पर ट्रैफिक सुचारू रूप से चल रहा है।"

## अब अन्य मार्गों पर भी होगी कार्रवाई

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज रोड की तरह ही शहर के अन्य प्रमुख मार्गों और लेफ्ट टर्न पॉइंट्स पर भी जल्द अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से पहले प्रशासन संबंधित क्षेत्रों में मुनादी कराएगा और अतिक्रमणकारियों से अपील की जाएगी कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें।

## सफेद पट्टी से तय होगी दुकान की सीमा, बाहर लगाने पर जप्ती

अहिरवार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद नगर निगम सभी प्रमुख सड़कों, चौराहों और तिराहों पर सफेद पट्टी लाइन डलवाएगा। दुकानदारों को पट्टी के अंदर ही दुकान संचालन की अनुमति होगी।उन्होंने चेतावनी दी कि "जो दुकानदार पट्टी के बाहर दुकान लगाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और दुकानों की जप्ती भी होगी।"

## शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में कदम

नगर निगम का यह अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मेडिकल कॉलेज रोड पर दोबारा हुई कार्रवाई ने यह संदेश दिया है कि निगम अब अतिक्रमण पर "ज़ीरो टॉलरेंस" नीति अपनाए हुए है।

# हाजी अयाज बने मतदाता पुर्नरीक्षण कार्य के लिए कांग्रेस वार्ड प्रभारी



**जबलपुर।** पठान समाज के सरदार पत्रकार हाजी मुईन खान की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एड. शेख अलीम तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिलाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व मंत्री तरुण भनोट, विधायक लखन घनघोरिया की सहमति से जबलपुर कांग्रेस प्रभारी राजकुमार खुराना ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव एड. हाजी अयाज खान को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वामी वीरेंद्रपुरी वार्ड में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य प्रक्रिया हेतु वार्ड प्रभारी नियुक्त किया। नियुक्ति पत्र देते समय ननि नेता प्रतिपक्ष अम्बरीश मिश्रा, रीतेश बंटी गुप्ता, बाबा रिजवान, आरिफ बेग, बलवंत गुर्जर उपस्थित रहे। नियुक्ति पर पार्षद गुलाम हुसैन, अल्पसंख्यक कांग्रेस नेता दलवीर जस्सल, सुमन जैन, फैजान कुरैशी, आसिफ मंसूरी, अशफाक आरिफ, अशरफ मंसूरी, बहार अंसारी, आसिफ इकबाल आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# निगमायुक्त ने सुबह 6 बजे किया शहर का निरीक्षण

जबलपुर।

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शहर की सफाई और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने विजय नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान का दौरा किया और वहां की सफाई व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पार्क की देखरेख करने वाली टीम की सराहना की और इसे और अधिक बेहतर व सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ लोक निर्माण, स्वास्थ्य, जल व उद्यान विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग के कार्य गंभीरता से करने और पार्कों को व्यवस्थित, सुंदर तथा आम नागरिकों के लिए अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने पार्क में पानी की बेहतर व्यवस्था, साफ-सफाई, गार्डनिंग,



ओपन जिम उपकरण और बच्चों के लिए फिसलपट्टी (स्लाइड) लगाने के आदेश दिए। क्षेत्र की सफाई संतोषजनक पाए जाने पर निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की टीम की भी प्रशंसा की और शहर के हर हिस्से में इसी तरह सफाई बनाए रखने को कहा। इस अवसर पर नगर निगम के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अब तक दर्जनों घरों में चोरों ने लगाई सेंध

# संस्कार सिटी में चोरियों से दहशत

जबलपुर।

शहर की उत्तरी सीमा से सटे सूरतलाई क्षेत्र में स्थित संस्कार सिटी टाउनशिप में पिछले पांच वर्षों से निरंतर धड़ाधड़ हो रही चोरी की वारदातों ने नागरिकों का जीना मुश्किल कर दिया है। नागरिकों के सामने इन घटनाओं के कारण विवशता उत्पन्न हो गई है कि वे अपने घरों को दिन-रात तारें या फिर काम-धंधे पर जाएं। पहले रात में चोरी की घटनाएं हो रही थीं लेकिन अब स्थिति यह हो गई है कि निरंकुश चोर दिनदहाड़े घरों में घुसकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर नागरिकों को धमकाने भी लगे यानी सीनाजोरी भी कर रहे हैं। माढ़ोताल पुलिस की नाक के नीचे ये घटनाएं पुलिस प्रशासन के लिए न केवल चुनौती हैं बल्कि उसकी कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। संस्कार सिटी के नागरिक अलग- अलग समय पर पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक और माढ़ोताल थाना प्रभारी को कई बार चोरियों को लेकर जानकारी दे चुके हैं मगर परिणाम हाथलाई शून्य रहा है। आलम यह है कि



मध्यमवर्गीय परिवारों की जीवनभर की पूंजी कब चोरी चली जाए ,कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकि पुलिस प्रशासन से उम्मीद करना बेमानी सा होता जा रहा है।

## इनके यहां हुई चोरियां

संस्कार सिटी कालोनी में अबतक की जानकारी के अनुसार चोरी की मुख्य घटनाएं इन नागरिकों के यहां हो चुकीं हैं अथवा प्रयास किया जा चुका है। इनमें शामिल हैं एके सिन्हा,धानेन्द्र शुक्ल, आदित्य अग्रवाल,एस.सोनी,रावत जी,डा.सौरभ शर्मा, राम किराना सूरतलाई में रोड़ और सूरतलाई में रोड़ में ही रामसिंह ठाकुर की किराना दूकान, जहां से चोरों ने ढाई लाख रुपए उड़ाए थे। इसके अलावा ऐसे कई घर हैं जहां चोरियां हुई हैं।

## अबतक एक भी चोर क्यों नहीं पकड़ा

नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्या वजह कि संस्कार सिटी में पिछले वर्षों हुई चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक भी चोर को नहीं पकड़ा जा सका। कहीं पुलिस कर्मियों की चोरों से मिलीभगत तो नहीं चल रही है।

## बीट इंचार्ज जैसा नेटवर्क क्या कर रहा!

लोग सवाल उठा रहे हैं कि संस्कार सिटी कालोनी में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए माढ़ोताल थाने के प्रभारी और संबंधित बीट इंचार्ज अथवा मुखबिर तंत्र इतना कमजोर हो चुका है कि चोरों के गिरेबान तक उनके हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं।चोरी की घटनाओं को लेकर आज सोमवार को दोपहर 2 बजे संस्कार सिटी कालोनी के बुजुर्ग नागरिक पुलिस महानिरीक्षक से इस संबंध में भेंट करके पूरी जानकारी से अवगत कराएंगे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक व माढ़ोताल थाना प्रभारी से मुलाकात की जाएगी। कालोनी के वरिष्ठ नागरिकों राजेन्द्र तिवारी,प्रकाश कुररिया,केके पाण्डेय, राजेन्द्र नागोत्रा,एके श्रीवास्तव, औंकार सिंह ठाकुर आदि ने अधिक से अधिक नागरिकों को आईजी आफिस (सिविल लाइन थाने के पीछे) में इकट्ठा होने की अपील की है।





# स्वास्थ्य पर मंडराते खतरे को लेकर निगम में प्रदर्शन

**जबलपुर।** महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन के नेतृत्व में पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मोहल्लों एवं मुख्य मार्गों पर अत्यधिक गंदगी, खुले नाले और टूटे हुए चैंबर के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा एवं गंभीर दुर्घटनाओं को लेकर निगम महापौर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अंकुश चौधरी, एड मोहित प्यासी, रोहित कुरील, राहुल अगरिया, फजल शाह, सुरजीत सतनामी , इमरान खान , मोहित प्यासी, अभिरूप चंसोरिया, अंकित जैन , अमित पटेल , सुरेंद्र शर्मा , हर्ष प्रताप, फिरोज खान, अंकित चौधरी, प्रियेश शर्मा , समीर कोल, रोहित गुप्ता , विवेक ताम्रकार , विवेक सिलावट, इरफान , शोएब खान, आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम परिसर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा सभी नगरीय निकायों में वंदेमातरम् गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया है। नगर निगम द्वारा भी आज दिनांक 10 नवम्बर 2025 दिन सोमवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् कार्यक्रम नगर निगम प्रांगण में आयोजित किया गया है। नगर निगम प्रांगण में आयोजित राष्ट्रगीत वंदे मातरम् कार्यक्रम पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रातः 9:30 बजे उपस्थित रहने आदेशित किया है। समस्त व्यवस्थाओं के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को भी अलग से जिम्मेदारी दी है।

# शालेम स्कुल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

# भविष्य के वैज्ञानिकों ने मॉडल बनाकर बताई प्लेन क्रेश रोकने की तकनीक

**सिहोरा।** नगर के शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हें नन्हें बच्चों के साथ भविष्य के वैज्ञानिक छात्र छात्राओं ने पहलगाम हमला रोकने सहित प्लेन क्रेश रोकने की तकनीक के माडल बनाकर साबित कर दिया की आने वाले समय में वे भी वैज्ञानिक बनकर देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के नियमित अध्ययनरत पहली से पांचवीं तक के करीब 910 छात्र छात्राओं द्वारा लगभग 148 माडल बनाये जिसमें 58 वर्किंग मॉडल 90 विज्ञान और कला के मॉडल बनायें जिसमें पेरिस्कोप और कैलिडोस्कोप न्यूटन का क्रैडल,जिओ स्टेशनरी उपग्रह आपदा चेतावनी प्रबंधन, कैंसर का प्रसार ग्लोबल वार्मिंग,ग्रीनहाउस प्रभाव लेंडफार्म के प्रकार, भारतीय



सैन्य शिविर,मानव हृदय,कपड़ा कारखाना, जबलपुर फ्लाईओवर सोलर पैनल, ऑर्गेनिक खेती, डिजिटल इंडिया वस्तु एवं सेवा कर, इलेक्ट्रोमैग्नटिक इंडक्शन, विद्युत जनरेटर, कंस्यूमर प्रोटेक्शन प्लाज़्मा गन इसी तरह रानी पटेल, अंशिका पाठक, अवनि मिश्रा, श्रेयसी यादव, वेदांत विश्वकर्मा, शिवम पटेल, इच्छा नायक, आस्था नायक, अनुश्री शुक्ला, पहलगाम जैसे हमले एंव प्लेन क्रेश रोकने की तकनीक, लेखिका पटेल, अनुश्री बर्मन, नमामि पटेल, आराध्या कुररिया, दीपाली यादव, सर्वेश्वरी चौबे, शैली कुशवाहा, अनिका बर्मन रेन वाटर सैंन्सर का माडल बनाया, इसी तरह हाइड्रोलिक पावर प्रोजेक्ट आर्यन सिंह बैस,अरनव सिंह बैस,लक्ष्य सिंह राजपूत,सूर्या सिंह ठाकुर,मोहित सिंह,वेद चौरसिया यश असाटी, आर्मी कैंप आलिया जैन,परिधी नायक,अनन्या पटेल, शिक्षा नायक,मेखला बर्मन,दामिनी पटेल,अनुश्री तिवारी,आर्गेनिक फार्मिंग,रेन वाटर हार्वेस्टिंग आरोही गर्ग,नम्रता पटेल,मिताली शुक्ला,वेदिका श्रीवास्तव आदि बच्चों के इस उत्कृष्ट कार्य हेतु डायरेक्टर भास्करन एम तथा प्राचार्या श्रीमती गिरिजा भास्करन, प्रबंधक भाग्या भास्करन द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के कुशल संचालन में समस्त शाला परिवार एवं सभी शाला कप्तानों का सराहनीय योगदान रहा।

### सिहोरा जिला की मांग पर सभी दल, समाज व संगठन हुए एकजुट

# स्थानीयजनों ने जिला बनाने दिखाई अपनी प्रतिबद्धता

**सिहोरा।** सिहोरा जिला का मुद्दा राजनैतिक नहीं वरन आने वाली पीढी. के विकाश का विषय है।इसलिए मातृभूमि के प्रति सभी के मन में त्याग करने की भावना होना चाहिए जनभावना से जुड़ी जिले की मांग को सरकार से पूर्ण कराने मैं इस जन्मभूमि मातृभूमि के लिए अपना जीवन समर्पित करने कृत संकल्पित हूं उससे मुझे अब कोई रोक नहीं सकता है । उक्ताशय के उद्गार पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू ने अगामी 6 दिसम्बर शौर्य दिवस से आंरभं होने वाले अन्न जल त्याग सत्याग्रह की रुपरेखा हेतु लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये ।



## जिले के लिए जिनने भी झूठ बोला उन्हें प्रतिफल मिला

साहू ने आगे कहा की सिहोरा जिला का विषय बहुत ही गंभीर है लोगों मे कुछ कर गुजरने की तमन्ना है।जिन्होने भी इस मांग के लिए झूठ बोलकर लाभ लेने की कोशिश की है उनको उसका प्रतिफल मिला है। अब मुझे अपने जीवन की बिलकुल चिंता नहीं है। सत्याग्रह को सफल बनाने शौर्य दिवस 6 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रहे सद्बुद्धि महायज्ञ का प्रचार प्रसार सम्पूर्ण क्षेत्र में करें इसमें बहोरीबंद,मझौली ढीमरखेड़ा,पान उमरिया बाकल सिहोरा के सभी लोग शामिल हो।एंव सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को पत्र लिखें।

## बैठक में अनिश्चितकालीन सिहोरा बंद पर भी विचार

इस महत्वपूर्ण बैठक में जहां अनेक सुझाव आये वहीं एक सुझाव यह भी आया की 6 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन सिहोरा बंद का भी आयोजन किया जाये सभी दलों संगठनों समाज के नेताओं ने कहा कि हजारों की संख्या में सीएम को पत्र लिखे जायें ,का प्रस्ताव दिया,जन जागरण भी चलाया जाये, हम सभी दल धर्म समाज सबकुछ भूलकर इसमें सहयोग करने,जो प्रस्ताव जिला पुनर्गठन आयोग के समक्ष रखा गया है उसका पत्र तैयार कर अधिक से अधिक प्रेषित किए जायें, आन्दोलन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाये कुछ ने कहा सभी दल के लोग अपने वरिष्ठ नेताओ जनप्रतिनिधियों पर पर राजनैतिक दबाव बनाये, इसी तरह सुझाव दिया गया कि हम जिस धरती पर पले बढ़े उसका सम्मान बढेगा तो सबका सम्मान बढ़ेगा और सभी की राजनीति और सिहोरा का अस्तित्व रहेगा इसके अलावा बैठक में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर अब आर पार की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। सत्याग्रह के लिए आयोजित बैठक में बहुत दिनों के बाद इतने अधिक लोगों ने उपस्थित होकर बता दिया की अब सरकार और उसके नुमाइंदे को चेत जाना चाहिए क्योंकि सिहोरा के अस्तित्व के लिए अब सभी दल और आम नागरिक एक हो चुकें हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एंव गणमान्य नागरिक लक्ष्य जिला समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।





**श्रीमती पूजा कुशवाहा-** रामनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री जीतेंद्र कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा कुशवाहा (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जय कुमार गुप्ता-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री जय कुमार गुप्ता (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उपकार-** संजय गांधी नगर सदर टीवी टावर के पास केंट निवासी श्री मोती लाल के पुत्र श्री उपकार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री विजय कुमार चौधरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सविता श्रीवास्तव-** पोलीपाथर निवासी श्री अजय श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सविता श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई खटीक-** खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री मुन्ना लाल खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई खटीक (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वंदना राय-** शर्मा कम्पाउंड सदर गली नं. 16 निवासी श्री प्रसन्न कुमार राय की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना राय (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पूनाराम रघवंशी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री पूनाराम रघुवंशी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री माधवन नायर-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री माधवन नायर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती केसर बाई चौधरी-** गढ़ा निवासी श्री छिद्दी लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार रजक-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री राजकुमार रजक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार भाटिया-** गुरुदेव कॉलोनी बेदीनगर निवासी श्री विनोद कुमार भाटिया (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री ज्ञान शंकर पंडया-** संगम कॉलोनी बल्देवबाग निवासी श्री ज्ञान शंकर पंडया (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स का मुनाफा दोगुना होकर 260 करोड़



**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में दोगुना होकर 260.51 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 130.32 करोड़ रुपये था।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली सोयाबीन तेल में आया सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में मामूली सुधार देखने को मिला। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी का एमएसपी से नीचे दाम पर बिकना जारी है। सट्टेबाजी के कारण ऊंचे दाम वाले पाम-पामोलीन की जाड़े की मांग प्रभावित होने से पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई।

### मेदांता के शुद्ध मुनाफे में 21 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** मेदांता ब्रांड के तहत अस्पतालों का संचालन करने वाली ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 21 प्रतिशत बढ़कर 158 करोड़ रुपये रहा। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ने पिछले वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 131 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### चाइना ईस्टर्न ने शंघाई दिल्ली सेवा फिर शुरू की



**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन की विमानन कंपनी चाइना ईस्टर्न ने रविवार को शंघाई-दिल्ली सेवा शुरू की, जिसमें 95 प्रतिशत सीटें भरी हुई थीं। 248 यात्रियों को लेकर उड़ान संख्या एमयू563 शंघाई पुडोंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना हुई। भारतीय विमानन कंपनी इंडिगो 10 नवंबर से अपनी दैनिक दिल्ली-गुआंगझोउ सेवा शुरू करेगी।

### सेल्सफोर्स भारत में निवेश और विकास जारी रखेगी



**नई दिल्ली।** अमेरिका की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी सेल्सफोर्स भारत में निवेश और कारोबार का विस्तार जारी रखेगी, क्योंकि देश में प्रतिभाओं का बड़ा और उपयुक्त समूह उपलब्ध है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार परमेश्वरन ने यह जानकारी दी। कंपनी ने 2005 में हैदराबाद में अपने पहले एक्सिलेंस सेंटर के साथ भारत में परिचालन शुरू किया था।

# आलू-प्याज और टमाटर के दाम घटने से अक्टूबर में घरेलू वेज थाली हुई सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत अक्टूबर में (सालाना आधार पर) 17 प्रतिशत घटकर 27.8 रुपए पर आ गई है। पिछले साल अक्टूबर-2024 में वेज थाली की कीमत 33.3 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर की तुलना में अक्टूबर में 1 प्रतिशत घटी है। सितंबर में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपए थी।

### नॉन-वेज थाली भी 12 प्रतिशत सस्ती हुई

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत अक्टूबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 54.4 रुपए पर आ गई है। पिछले साल अक्टूबर-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 61.6 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी सितंबर की तुलना में अक्टूबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 3 प्रतिशत घटी है। सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 56 रुपए थी।

**शाकाहारी थाली की कीमत घटकर 27.8 रुपए पर आ गई, नॉन-वेज थाली की कीमत भी 12 प्रतिशत घटी**

### आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से दाम घटे

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज, टमाटर और दालों के दाम घटने के चलते वेज थाली की कीमत घटी है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, प्याज के दाम 51 प्रतिशत और आलू के भाव 31 प्रतिशत घटे हैं। वहीं दालों की कीमत में भी 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। इन कारणों से वेज थाली की कीमत घटी है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।



### थाली की एवरेज कॉस्ट

क्रिसिल ने नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट इंडिया में मौजूदा फूड कीमतों के आधार पर घर में थाली तैयार करने की एवरेज कॉस्ट कैलकुलेट की है। मंथली चेंज से आम आदमी के खर्च पर असर पड़ता है। क्रिसिल के डेटा से अनाज, दालें, ब्रॉयलर्स (चिकन), सब्जियां, मसाले, एडिबल ऑयल और कुकिंग गैस सहित उन सामग्रियों का भी पता चलता है, जो थाली की कीमत में बदलाव लाते हैं।

### चिकन के दाम गिरने से नॉन वेज थाली की कीमत घटी

नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की गिरावट के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। वहीं, सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 11 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमत 6 प्रतिशथ बढ़ी है, नहीं तो दोनों थाली और भी सस्ती हो सकती थीं।

चेक कार विनिर्माता की भारत में वैश्विक ब्रांड लाने की योजना

# स्कोडा भारतीय बाजार में और मॉडल लाएगी कंपनी फिलहाल नहीं उतरेगी ईवी बाजार में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेक कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा भारतीय बाज़ार में अपने और वैश्विक ब्रांड लाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्कोडा अपने विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना चाहती है। कंपनी, जो अभी भारत में सात लाख रुपये से लेकर 40 लाख रुपये तक की कीमत वाले उत्पाद बेचती है, की फिलहाल देश में इलेक्ट्रिक कार (ईवी) लाने की योजना नहीं है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, ''अगले साल के लिए, मूल पोर्टफोलियो, यानी स्थानीय रूप से निर्मित कारें, वही रहेंगी। हालांकि, बाजार में उत्साह बढ़ाने के लिए, जैसा कि हमने इस साल ऑक्टेविया के साथ किया था, हम अगले साल भारत में कुछ और वैश्विक, प्रतिष्ठित कारें लाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, उन्होंने उन मॉडल के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्हें कंपनी अगले साल देश में आयात करने की योजना बना रही है।

- कंपनी विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतें पूरा करना चाह रही
- स्कोडा सात लाख से 40 लाख रुपए तक की कीमत के उत्पाद बेचती है
- कंपनी ने भारत में ऑक्टोविया कार के साथ प्रवेश किया था



### दो प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखेगी

स्कोडा वर्तमान में भारतीय बाजार में काइलैक, कुशाक और स्लाविया जैसे स्थानीय रूप से निर्मित मॉडल और ऑक्टेविया और कोडियाक जैसे आयातित मॉडल बेचती है। जनवरी से अक्टूबर, 2025 के बीच कंपनी ने 61,607 वाहन बेचे हैं। यह साल अभी तक कंपनी के लिए काफी मजबूत रहा है। कंपनी का लक्ष्य घरेलू यात्री वाहन खंड में अपनी दो प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखना है।

### वार्षिक बिक्री रिकॉर्ड पहले ही पार कर चुकी

कंपनी 2022 के 53,721 इकाई के अपने पिछले वार्षिक बिक्री रिकॉर्ड को पहले ही पार कर चुकी है। गुप्ता ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से शुरू हुई बिक्री की गति नवंबर और दिसंबर में भी जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''(त्योहारों के मौसम के बाद) इसमें कितना बदलाव आएगा और क्या रुझान उभरेंगे? मुझे लगता है कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन मेरा मानना है कि यह गति जारी रहेगी।''

### भविष्य निश्चित रूप से ईवी कारों का


गुप्ता ने कहा कि भारत में प्रासंगिक बने रहने के लिए, भविष्य निश्चित रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों का ही है। उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में हमने देखा है कि विद्युतीकरण की गति में कुछ देरी हो सकती है। लेकिन निश्चित रूप से, कोई भी विनिर्माता जो इस बाजार को लेकर गंभीर है, यह नहीं कह सकता कि हम ईवी में कदम नहीं रखेंगे। निश्चित रूप से, हम ईवी के लिए योजना बना रहे हैं।'' हालांकि, उन्होंने इसका अधिक ब्योरा नहीं दिया।

### कंपनी काइलैक श्रृंखला का विस्तार करेगी

कंपनी अगले साल और अधिक ट्रिम्स के साथ काइलैक श्रृंखला का विस्तार करने की योजना बना रही है, साथ ही कुशाक और स्लाविया को भी 'अद्यतन' रूप में पेश करेगी। कंपनी की ईवी रणनीति के बारे में पूछे जाने पर, गुप्ता ने कहा, ''दुनिया भर में हमारा ईवी पोर्टफोलियो बहुत बड़ा है। लेकिन मेरे नजरिये से, पिछले साल बाजार में बहुत सारी

# जेपी एसोसिएट्स खरीदने की दौड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अधिग्रहण के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड दिवाला प्रक्रिया के जरिये जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) का अधिग्रहण करने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बन सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। खनन क्षेत्र की बड़ी कंपनी वेदांता समूह ने सितंबर की शुरुआत में अदाणी समूह को पीछे छोड़ते हुए 12,505 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाकर बढ़त हासिल की थी। यह नीलामी जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए की गई थी, जिसका कारोबार रियल एस्टेट, सीमेंट, ऊर्जा, होटल और सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, जिंदल पावर लिमिटेड और पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड ने इस नीलामी प्रक्रिया में बोली नहीं लगाई।


**कार्यालय अनुसंधान अधिकारी श्री बादलभोई राज्य आदिवासी संग्रहालय छिन्दवाड़ा**

कमांक/121/निविदा विज्ञप्ति/रा.आ.संग्र./2025 छिन्दवाड़ा, दिनांक 06/11/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खजरी चौक स्थित श्री बादलभोई राज्य आदिवासी संग्रहालय छिन्दवाड़ा(कैम्पस) मे आने-जाने वाले वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूली ठेका दिए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। जिसका विविरण निम्नानुसार है । उक्त निविदा हेतु फार्म कार्यालय से दिनांक 15/11/2025 से 30/11/2025 तक कार्यालयीन समय सुबह 10.30 से शाम 5.00 बजे में तक प्राप्त कर एवं जमा किए जा सकेंगे ।

| क्रं. | शुल्क / कर | ठेका अवधि | आपसेट प्राइज (रुपए में) | अमानत राशि ( रुपएं में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संग्रहालय परिसर में आने वाले वाहनों से पार्किंग शुल्क | 01/04/2025 से 31/03/2026 वर्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 के बचे शेष माहो के लिए। | 300000 /- (रुपएं तीन लाख मात्र ) | 50000/- (रुपएं पचास हजार मात्रं ) |

(आहरण वितरण अधिकारी द्वारा अनुमोदित)

प्रबंधक
श्री बादलभोई राज्य आदिवासी संग्रहालय छिन्दवाड़ा

G-21241/25


# कंपनी नतीजें व वैश्विक रुख से तय होंगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि कई प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। घरेलू मोर्चे पर, भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो महंगाई की दिशा और नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। सप्ताह के दौरान ओएनजीसी, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, टाटा



- एफपीआई बाजार के रुख को प्रभावित कर सकते हैं

स्टील और ऑयल इंडिया जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों आएंगे, जिन पर सभी की निगाह रहेगी। इसके साथ रुपये-डॉलर का रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रबंधन कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''इस सप्ताह कई प्रमुख घरेलू और वैश्विक वृहद आर्थिक कारक बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे।

### सभी की निगाहें अमेरिकी शटडाउन पर

पोनमुडी ने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर, सभी की निगाहें अमेरिका में कुछ विभागों का कामकाज ठप होने (शटडाउन) पर रहेगी। इसकी वजह से महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों को जारी नहीं किया जा सका है जिससे निवेशकों और नीति-निर्माताओं को वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

**तेजस के लिए जीई एयरोस्पेस से भेल जेट विमान खरीदेगी...**



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने जीई एयरोस्पेस के साथ 113 जेट इंजन खरीदने का एक बड़ा समझौता किया है। इन इंजनों का इस्तेमाल देश में विकसित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस'' के लिए किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस खरीद समझौते के तहत एफ-404-जीई-आईएन20 इंजनों की आपूर्ति 2027 से शुरू होकर 2032 तक पूरी की जाएगी। एचएएल ने कहा कि उसने जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के साथ इन इंजनों और सहयोगी पैकेज की खरीद के लिए समझौता किया है, जिससे भारतीय वायुसेना के 97 एलसीए एमके-1ए विमान कार्यक्रम को अंजाम दिया जा सकेगा। रक्षा मंत्रालय ने सितंबर महीने में एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का सौदा किया था। इस समझौते के तहत भारतीय वायुसेना के लिए 97 तेजस एमके-1ए विमानों की खरीद की जाएगी।

### श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ 3.5 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 3.54 प्रतिशत घटकर 52.32 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 54.27 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ था। 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का कुल व्यय बढ़कर 584.61 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 544.12 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय भी बढ़कर 654.58 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 608.64 करोड़ रुपये थी।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर**
**माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक - 03) भोपाल (म.प्र.) 462003**

नि.आ.सू. क्रं /07/एन.एच.एम /2025-26/733 भोपाल दिनांक 03/11/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा पद्धित से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर.01.01.2024 ( निविदा जारी होने दिनांक तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है ।निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

**ई - निविदा सूचना क्रमांक - 07 / 2025-26 दिनांक 03.11.2025**

| सं. क्र | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वषार्काल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DHS_460600 | जिला डिण्डोरी विकासखण्ड करंजिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करंजिया में ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य । | 42.37 | 50,000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2 | 2025_DHS_460601 | जिला चिकित्सालय कटनी के नवीन एम. सी. एच भवन मे एस.एन.सी.यू ईकाई के उन्नयन / निर्माण कार्य हेतु। | 41.24 | 50,000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3 | 2025_DHS_460602 | सिविल अस्पताल रांझी जिला जबलपुर में एन. बी. एस. यू की स्थापना कार्य हेतु । | 6.17 | 12,340.00 | 2000.00 | 02 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 07.11.2025 प्रातः 10.30 से दिनांक 21.11.2025 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है । 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन. एच. एम भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा।

G-21201/25 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला बालाघाट (म.प्र.) फोन नं. 07632-241099**

क्रमांक/180/ निविदा सूचना/एनएच्चएम/ बालाघाट दिनांक 07/11/2025

**नीलामी विज्ञप्ति सूचना**

बालाघाट जिले के तहसील कटंगी अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी, लालबर्रा, बिरसा परिसर मे निम्न सूची अनुसार कंडम आवास एवं पुराने अस्पताल भवन का ध्वस्तीकरण सामग्री ( दरवाजे खिड़की, लोहा, ईट इत्यादि) की खुली नीलामी निम्नानुसार स्थान एवं दिनांक को दोपहर 3.00 बजे से की जावेगी ।

| कमांक | नीलामी स्थल | कंडम आवासगृहो /अस्पताल भवन का स्थान | ऑफसेट मूल्य | नीलामी दिनांक एवं समय | संपर्क दूरभाष कमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट रानी अवन्ती बाईचौक के पास, बस स्टैण्ड बालाघाट | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी | 139670.00 | 19.11.2025 सांय 03.00 बजे | 9131225404 |
| 2 | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट रानी अवन्ती बाई चौक के पास, बस स्टैण्ड बालाघाट | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा | 367931.60 | 19.11.2025 सांय 03.00 बजे | 9131225404 |
| 3 | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट रानी अवन्ती बाईचौक के पास, बस स्टैण्ड बालाघाट | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरसा | 207711.00 | 19.11.2025 सांय 03.00 बजे | 9131225404 |

कंडम आवासगृहों/अस्पताल भवनों का निरीक्षण निविदाकार द्वारा नीलामी की तिथि के पूर्व स्वयं कर आवश्यक होने पर संबंधित अस्पताल के प्रभारी, एवं जिला कार्य क्रम प्रबंधक अथवा विभागीय उपयंत्री से संपर्क किया जा सकता है ।

नीलामी मे भाग लेने हेतु इस कार्यालय से आवेदन फार्म रूप्ये 500 / - पांचसौ रूप्ये मात्र नगद शुल्क जमा कर नीलामी सूचना जारी होने की तिथि से दिनांक 10.11.2025 से 17.11.2025 के दोपहर 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते। एवं आवेदन फार्म पूर्ण भरकर दिनांक 18.11.2025 के सायं 5 :30 बजे तक जमा कर पावती प्राप्त करना आवश्यक होगा । आवेदन शुल्क भुगतान की रसीद अनिवार्यतः प्राप्त करे ।

निविदा की विस्तृत शर्ते आवेदन फार्म के साथ देखी जा सकती है। अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय मे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बालाघाट

G-21197/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


**भारत सबसे बड़ा वैश्विक स्कॉच व्हिस्की बाजार बनने के लिए तैयार**

# अगले कुछ सालों में भारत करेगा स्कॉच व्हिस्की बाजार पर कब्जा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अगले कुछ साल में प्रतिस्पर्धी तीव्रता, प्रीमियमीकरण और आर्थिक वृद्धि के बल पर मूल्य और मात्रा के लिहाज से सबसे बड़ा वैश्विक स्कॉच व्हिस्की बाजार बनने के लिए तैयार है। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन के सीईओ मार्क केंट सीएमजी ने यह बात कही है। मार्क केंट ने सिंगल माल्ट व्हिस्की बाजार में भारत के उभरने की सराहना करते हुए कहा कि स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन न केवल ब्रिटेन के बाजार में निर्यात के लिए, बल्कि अन्य वैश्विक बाजारों में भी साथ मिलकर संभावनाएं तलाश रहा है। भारतीय सिंगल माल्ट श्रेणी के उभरने का उल्लेख करते हुए, जिनमें से कुछ ने हाल ही में कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, उन्होंने कहा कि वह भारतीय माल्ट व्हिस्की एसोसिएशन के साथ बात करने जा रहे हैं, क्योंकि वे विनिर्माण और साथ मिलकर काम करने में गुणवत्ता के महत्व पर समान विचार रखते हैं। यह भारतीय और स्कॉटिश दोनों उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। भारतीय कंपनियों के लिए ब्रिटेन को भारतीय सिंगल माल्ट के निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजारों के लिए साझेदारी बनाने का अवसर है।

- सिंगल माल्ट व्हिस्की बाजार में भारत के उभरने की सराहना

### *भारत जल्द सबसे बड़ा स्थान हासिल कर सकता है*

*मार्क केंट ने कहा, 'अब, अगर आप इसमें उन कारकों को भी जोड़ दें, जिनसे हम भारतीय बाजार में वृद्धि देख रहे हैं, और यह तथ्य कि हम स्कॉच आयात के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल देखने जा रहे हैं, तो मुझे लगता है कि यह बहुत संभव है कि भारत जल्द ही अगले कुछ वर्षों में, मात्रा के लिहाज से सबसे बड़ा और मूल्य के लिहाज से सबसे बड़ा स्थान हासिल कर ले।' हालांकि, यह विश्व अर्थव्यवस्था से जुड़े कुछ कारकों पर भी निर्भर करेगा।*



### भारतीय स्कॉच का निर्यात 180 बाजारों में

केंट ने बताया कि, यह वास्तव में दोनों पक्षों के लिए एक अवसर का क्षण है। मार्क केंट ने कहा कि भारत पहले से ही मात्रा के लिहाज से स्कॉच का सबसे बड़ा बाजार है, जहां से इसका निर्यात 180 बाजारों में होता है। हालांकि, मूल्य के मामले में यह शीर्ष पांच में शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि वह भारत की संभावनाओं और यहां प्रीमियमीकरण के चलन को लेकर आशान्वित हैं।

चिंतन

# पाक को समझाने की सही रणनीति अपना रहा भारत

पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिन्दुओं की हत्या कर पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया था, नतीजतन भारत ने पाक को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। भारतीय सैन्य बल ने ऐसा कौशल दिखाया कि चंद मिनटों में ही पाक स्थित आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारतीय कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने कश्मीर में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। भारत पर एक के बाद एक हमले शुरू कर दिए, लेकिन हमारे सुरक्षा कवच के सामने उसके सारे प्रयास बौने सबित हुए। इसके बाद शुरू हुई भारतीय सेना की कड़ी कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। पाक हुकूमरान संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने फरियाद लगाने पहुंच गए। भारत संघर्ष विराम पर सहमत तो हुआ किन्तु यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि पाकिस्तान ने फिर किसी आतंकवादी वारदात को अंजाम दिया तो भारत इसे युद्ध मानेगा और पाकिस्तान को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसी के साथ भारत ने यह भी साफ कर दिया कि जब तक पाक नहीं सुधरता सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। इतना सब होने के बाद भी पाकिस्तान है कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा। वो रह रहकर ऐसे हरकतें करता रहता कि किसी भी तरह से भारत की शांति को प्रभावित किया जा सके। 1947 में पाकिस्तान गठन के बाद से उसके हुकूमरानों की हर कोशिश रही है कि किसी भी तरह से भारत को परेशान रखा जाए। यही कारण रहा कि आजादी के चंद दिनों बाद ही उसने कश्मीर पर धावा बोल दिया। ऐसा ही प्रयास उसने 1971 में भी किया, लेकिन उसकी इस नापाक हरकत का परिणाम यह निकला कि पाक के दो टुकड़े हो गए। उसके 90000 सैनिकों को बंदी बना लिया गया। इसके बावजूद पाकिस्तान नहीं सुधरा। वो कहावत है कि कुत्ते की दुम चाहे 20 साल तक भी नली में डालकर रखी जाए तब भी वह सीधी नहीं होती। ऐसा ही हाल पाक का भी है। उसके बाद उसने कारगिल पर उस समय कब्जे का प्रयास किया, जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर पाकिस्तान गए हुए थे। उसकी इस हरकत का भारतीय सैनिकों ने ऐसा जवाब दिया कि पाक ने शहीद हुए अपने सैनिकों को ही अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद भी रह रहकर पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे भारत की शांति को भंग करने का प्रयास करता रहा। अब 2014 के बाद से हालात बदल चुके हैं। अब उसकी इन हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। अब आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत ने भी यही कहा है कि दिल्ली को उसी भाषा में बात करनी चाहिए जो वे समझते हैं। हमें उनकी बार-बार की कोशिशों के लिए तैयार रहना होगा। हमें उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा, उन्हें हमेशा हराना होगा, हर बार उन्हें ऐसा नुकसान पहुंचाना होगा कि उन्हें पछतावा हो। ऐसे लगातार जवाब आखिरकार पाकिस्तान को अपना रवैया बदलने पर मजबूर कर देंगे। जब यह चलता रहेगा तो एक दिन पाकिस्तान समझ जाएगा। हम चाहते हैं कि वे यह समझें और फिर शांतिपूर्ण पड़ोसी बन जाएं। हमारी तरक्की के साथ हम उन्हें भी तरक्की करवाएंगे। आरएसएस प्रमुख ने बिलकुल सही कहा है। भारत भी अब इसी रणनीति पर चल रहा है।



चुनाव
प्रमोद भार्गव

# लोकतंत्र में मतदाता की बढ़ी भागीदारी

मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यत: एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिषत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी माकपा सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

इस बार बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में जिस बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया, वह पहली बार देखने में आया है। 64.66 प्रतिशत हुए इस मतदान में लोगों की सजगता तो दिखी ही, जंगलराज के लिए बदनाम रहे बिहार में निर्भीक मतदान कराने में निर्वाचन आयोग की भी अहम भूमिका रही है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को कितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, यह तो परिणाम के बाद ही तय होगा, लेकिन उन्होंने पूरे बिहार में स्वच्छ व निडर मतदान के लिए जो अभियान चलाया, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रवासी मतदाताओं के मुद्दे को न केवल प्रशांत ने उठाया, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के उपाय भी बताए। इस कारण प्रवासी मतदाताओं ने देशभर से बिहार आकर चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इसीलिए यह मतदान राज्य में हुए अब तक के चुनावों में एक कीर्तिमान माना जा रहा है। पहले चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। शेष सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। अब संभावना है कि वोट का प्रतिशत 65 से भी ऊपर जा सकता है ?

अंदाजा लगाया जा रहा है कि इतनी भारी संख्या में मतदान के लिए लोगों का निकलना सत्ता विरोधी रुझान का संकेत है। कांग्रेस और राजद इसे बदलाव के रूप में देख रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ राजग गठबंधन का दावा है कि मत प्रतिशत बढ़ने से राजग की सीटों में इजाफा होगा।

पारंपरिक नजरिये से मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यतः एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचालित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

बावजूद मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालातंर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होगा ? लेकिन



2023 में मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव में तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना सम्मान निधि योजना को अमल में लाकर महिलाओं को रिझाकर अपनी जीत पक्की कर ली थी। इसी तर्ज पर बिहार में भी बड़ी संख्या में महिलाओं को एक मुश्त 10 हजार रुपये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देकर भाजपा-जदयू की जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। अत एव यह कहना उचित नहीं लगता कि मतदान का बढ़ा प्रतिशत सत्ताविरोधी रूझान है।

इस बढ़े प्रतिशत का कारण मतदान के लिए बनाई गईं वे अनुकूल स्थितियां भी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है। चुनाव से पहले मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की कार्रवाई हुई। इसके चलते बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर शिकंजा कसा और बड़ी संख्या में मतदाता बाहर हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिहार का प्रमुख छठ पर्व पड़ा, जिसके कारण बिहार के जो लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे, वे त्योहार के बहाने बिहार पहुंचे और मतदान भी किया। दूसरे चरण के मतदान के लिए भी प्रवासी रुके हुए हैं। इंडिया गठबंधन ने भी महिलाओं के लिए माई-बहन योजना और प्रत्येक परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा करके जो बड़ा दांव चला है, वह भी वोट-प्रतिशत बढ़ने का एक कारण रहा है। मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया ने सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित किया है। इस कारण एक समय जो वोट प्रशांत किशोर की सुराज पार्टी की तरफ झुकता दिखाई दे रहा था, वह राजग के विरुद्ध ध्रुवीकृत हुआ और उसने शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी की। राजद अपनी जीत का आधार यादव और मुस्लिम वोटों के बने समीकरण को मानकर चल रहा है।

इधर, बड़े मतदान में रेलवे ने दावा किया है कि 13 हजार से अधिक रेलें चलाकर 3 करोड़ से भी ज्यादा मतदाताओं को बिहार की धरती पर पहुंचाकर उसने मतदान में बड़ी भागीदारी कराई है। बिहार आने-जाने वाले लोगों को बीस प्रतिशत किराए में छूट भी दी गई है। दूसरी तरफ बिहार राज्य परिवहन निगम की बसों में भी बीस से तीस प्रतिशत तक की छूट के साथ दिल्ली, उप्र, पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के लिए विशेष बसें चलाई गई हैं। साफ है, डबल इंजन की सरकार का यह फार्मूला क्या परिणाम देता है, यह तो वोटों की गिनती के बाद ही पता चलेगा, किंतु मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम इस प्रक्रिया ने फिलहाल कर दिया है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे, लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है। बिहार के मतदाता के समक्ष चुनावी प्रलोभनों की कसौटी जरूर है, लेकिन मतदाता अपने दायित्व के प्रति भी सजग हुआ है। इस कारण भी मत-प्रतिशत बढ़ा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व विज्ञान दिवस
प्रो. आरके जैन “अरिजीत”



# जहां सवाल होते हैं, वहीं जन्म लेता है विज्ञान

एक अंधेरी रात में, सदियों पहले, कोई इंसान आकाश की ओर देखता है और मन में सवाल उठता है – “ये तारे क्यों टिमटिमाते हैं? ये ग्रह क्यों घूमते हैं?” यही सवाल गैलीलियो को दूरबीन थामने के लिए प्रेरित करता है, न्यूटन को सेब गिरते देखने के लिए मजबूर करता है और आज हम मंगल पर मानव बस्तियां बसाने का सपना देख रहे हैं। विज्ञान केवल किताबों या डिग्रियों तक सीमित नहीं है – यह वह अंतहीन जिज्ञासा है, जो इंसान को इंसान बनाती है। हर साल 10 नवंबर को जब हम विश्व विज्ञान दिवस मनाते हैं, हम उस अविचलित जिज्ञासा को नमन करते हैं, जो अज्ञानता के अंधकार से प्रकाश की ओर हमारी राह खोलती है और हमारी सोच की सीमाओं को पीछे छोड़ देती है।

यूनेस्को ने इस दिवस की शुरुआत 2001 में की थी और इसका नाम रखा था – “शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस।” इस नाम में ही एक संदेश छिपा है : विज्ञान न किसी देश का गुलाम है, न किसी धर्म का विरोधी। जब दुनिया परमाणु बम की धमकियों से कांप रही थी, उसी समय विज्ञान ने इंसुलिन खोजकर मधुमेह से पीड़ित लोगों को जीवन दिया, पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंका और इंटरनेट जैसी क्रांति से ज्ञान की सीमाओं को तोड़ा। विज्ञान ने हमेशा यह साबित किया है कि उसके हाथों में शक्ति है – विनाश की भी, रचना की भी। दिशा तय करना हमारा काम है। आज जलवायु संकट, वैश्विक महामारी या अंतरिक्ष में नई दुनिया की खोज – हर चुनौती में विज्ञान सबसे आगे खड़ा है, हमारा मार्गदर्शन करता है और मानवता को उज्ज्वलता की ओर ले जाता है।



भारत की मिट्टी में विज्ञान की जड़ें गहरी हैं। हजारों साल पहले, जब आर्यभट्ट ने पृथ्वी के घूमने की बात कही, लोग हंसे। आज, हम चंद्रयान-3 के जरिए चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज कर रहे हैं। कोविड के सबसे कठिन दिनों में, जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए तरस रही थी, भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन विकसित कर एक अरब से ज्यादा डोज दुनिया को दीं। इसरो का बजट तो किसी हॉलीवुड फिल्म से भी कम है, फिर भी उसने 104 सैटेलाइट्स एक साथ लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह कमाल पैसों का नहीं, जुनून का है। और यही जुनून आज के छोटे वैज्ञानिकों में भी दिखता है – राजस्थान की एक लड़की जो सौर ऊर्जा से पानी शुद्ध करती है, बिहार का एक लड़का जो पुराने फोन से वेंटिलेटर बनाता है। ये बच्चे कल के वैज्ञानिक नहीं, आज के हीरो हैं।

लेकिन रास्ते में कांटे भी हैं। अंधविश्वास आज भी सिर ऊंचा किए घूम रहा है। वैक्सीन को लेकर फैल रही अफवाहें, जलवायु परिवर्तन को झुठलाने वाले, ज्योतिष को विज्ञान बताने वाले – ये सभी विज्ञान के असली विरोधी हैं। विज्ञान सवाल करता है, जवाब मांगता है। और जो सवाल से डरते हैं, वे विज्ञान से डरते हैं। हमें चाहिए : स्कूलों में प्रयोगशालाएं, गांवों में इंटरनेट और सबसे ज्यादा – ऐसा माहौल जहां सवाल पूछने पर डांट न हो, बल्कि तारीफ हो। सपना देखिए : दस साल बाद का भारत। हर गांव में सौर ऊर्जा, हर खेत में ड्रोन, हर बच्चे के हाथ में टैबलेट और दिमाग में सवाल। कैंसर का इलाज सस्ता और सुलभ हो, हवा साफ हो, समुद्र का पानी पीने लायक हो। अंतरिक्ष में हमारा अपना भारतीय स्टेशन हो, जहां तिरंगा गर्व से लहराता हो। यह सपना कोई कविता नहीं, यह विज्ञान का वादा है। बस जरूरत है – नीति की, निवेश की, और सबसे बड़ी बात : विश्वास की।

विश्व विज्ञान दिवस कोई केवल त्योहार नहीं है, यह एक पुकार है। पुकार है उस बच्चे की, जो पहली बार दूरबीन से चांद देखता है और उसकी आंखें विस्मय से चौड़ी हो जाती हैं। पुकार है उस मां की, जो वैक्सीन लगवाकर अपने बच्चे की सुरक्षा महसूस करती है। पुकार है उस किसान की, जो मौसम की सटीक जानकारी से अपनी फसल बचा लेता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा सबसे बड़ा दुश्मन अज्ञान है और सबसे बड़ा साथी विज्ञान। एक किताब उठाइए, एक सवाल पूछिए, एक प्रयोग कीजिए। क्योंकि जिस दिन हम सवाल पूछना बंद कर देंगे, उसी दिन हम इंसान होना भी बंद कर देंगे। विज्ञान कोई मंजिल नहीं, यह एक यात्रा है – और यह यात्रा अभी शुरू ही हुई है। चलिए, साथ चलें, सवालों के साथ, खोज के साथ, और उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

## दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

सटाका




आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। - पराग विश्वकर्मा, दुर्ग

करंट अफेयर

## इंडोनेशिया में मस्जिद में विस्फोट, 55 लोग घायल

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक हाई स्कूल की मस्जिद में कई विस्फोट हुए जिसमें कम से कम 55 लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर छात्र थे। पुलिस ने इन अटकलों को खारिज करने की कोशिश की कि ये विस्फोट आतंकवादी हमला थे और कहा कि वे जांच कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय टेलीविजन स्टेशनों को बताया कि उन्होंने दोपहर के आसपास कम से कम दो जोरदार धमाके सुने, ठीक उसी समय जब जकार्ता के उत्तरी केलापा गाडिंग इलाके में नौसेना परिसर के अंदर स्थित सरकारी हाई स्कूल, एसएमए 27 स्थित मस्जिद में धर्मोपदेश शुरू हुआ था। मस्जिद में धुआं भर जाने से छात्र और अन्य लोग दहशत में बाहर भागे। जकार्ता पुलिस प्रमुख असेप एडी सुहेरी के अनुसार ज्यादातर लोगों को कांच के टुकड़ों से मामूली से लेकर गंभीर चोटें आईं। विस्फोटों का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। लोगों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। 20 छात्र अभी भी अस्पताल में हैं, जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हैं। घटनास्थल पर तैनात बम निरोधक दस्ते को मस्जिद के पास 'टॉय राइफलें' और एक 'टॉय बंदूक' मिली। पुलिस कारण का पता लगाने के लिए घटनास्थल की जांच कर रही है।



ऑफ बीट

## पुरुष-महिलाओं के मस्तिष्क में जीन का व्यवहार अलग

दशकों से पुरुषों और महिलाओं में बुद्धिमत्ता तथा व्यवहार के अंतर को लेकर बहस होती रही है, लेकिन अब वैज्ञानिक साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि जैविक रूप से पुरुष और महिला के मस्तिष्क में सैकड़ों जीन अलग-अलग ढंग से सक्रिय रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन जीनों का अलग-अलग तरीके से सक्रिय होना मस्तिष्क विकारों, जैसे अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, पुरुष और महिला मस्तिष्कों के बीच ये आनुवंशिक अंतर विकास की प्रारंभिक अवस्था में ही स्थापित हो जाते हैं और संभवत: मस्तिष्क के विकास को आकार देने में भूमिका निभाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल मनुष्यों में, बल्कि अन्य प्राइमेट (वनमानुष) प्रजातियों में भी पाई गई है, जिससे संकेत मिलता है कि ये अंतर बहुत प्राचीन हैं। जीन गतिविधि में अंतर कई दशकों के शोध से यह पुष्टि हुई है कि पुरुषों और महिलाओं में मस्तिष्क की संरचना, कार्यप्रणाली और मानसिक रोगों की प्रवृत्ति में अंतर है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि इन अंतरों में कितना योगदान जीन का है और कितना पर्यावरण का। 2017 में किए गए एक अध्ययन में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं के मरणोपरांत मस्तिष्क ऊतक का विश्लेषण किया गया था।



ट्रेंड

### राष्ट्र गीत को नमन



मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत - एक शाश्वत गान - को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। 'वंदे मातरम्' भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का स्थायी प्रतीक है।
- सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### आरजेडी बेचैन



बिहार में जंगलराज की वापसी के लिए आरजेडी कितना बेचैन है, इसका पता चुनाव अभियान में वायरल हो रहे उसके गानों से चलता है। इनमें गरीब, दलित-महादलित और अति पिछड़े समाज के लोगों को डराने का प्रयास साफ नजर आता है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शेल्टर होम तैयार



दिल्ली सरकार ने सर्दी में जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की दिशा में बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। 250 अतिरिक्त शेल्टर होम तैयार किए गए हैं। इस बार शेल्टर होम्स में आधुनिक तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अब गारंटी है



'आप' सरकार ने सिर्फ 3 साल में ही बिना रिश्वत और बिना सिफारिश के पंजाब में 56 हजार सरकारी नौकरियां दीं हैं। अब गारंटी है... इन चुनाव नतीजों के तुरंत बाद तरन-तारन में सड़कें, फ्लाइओवर और लड़कियों के लिए टेक्निकल कॉलेज बनेंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एनएच-30 पर भीषण सड़क हादसाः बोलेरो-बाइक की टक्कर में 2 की मौत, 10 घायल



अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम लालपुर के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं।



सतना।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलटते हुए लगभग 20फीट गहरी खाई में जा गिरा।बाइक सवार एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाद में,इलाज के दौरान सिविल अस्पताल अमरपाटन में बोलेरो सवार भोला राम नामक एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई। हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए थे,जिनमें से 6 की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सतना रेफर किया गया। शेष घायलों का उपचार सिविल अस्पताल अमरपाटन में जारी है। बताया जा रहा है कि बोलेरो सवार सभी यात्री मैहर स्थित माँ शारदा मंदिर के दर्शन कर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जा रहे थे। आशंका है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद घायल चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुँचाया गया। अमरपाटन थाना प्रभारी विजय परस्ते स्वयं मौके पर पहुंचे और घायलों के उपचार की निगरानी की।

### अमदरा के भदनपुर में संतरे से लदा ट्रक पलटा ग्रामीणों ने की लूट

अमदरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदनपुर,एन एच-30 पर एक ब्रिज के पास संतरे से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही आसपास के गाँवों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और संतरे लूटने लगे।

## राघव कृषि विद्यालय बोहानी के पास युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

रविवार की सुबह समीपस्थ ग्राम बोहानी स्थित शासकीय राघव कृषि उ.मा.वि.की बाउन्ड्री के अंदर जब लोगों ने एक युवक की लाश पड़ी हुई देखी गई तो जहां सनसनी का महौल निर्मित हो गयी। क्योंकि जिस तरह युवक का शव स्कूल वाउन्ड्री के अंदर होने के साथ साथ चोटों दिखाई दे रहे हैं। घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये सूचना मिलते ही मौके सिहोरा पुलिस चौकी प्रभारी विजय पाल तथा गाडरवारा नगर निरीक्षक विक्रम रजक अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे। सबसे पहले मृतक के शव की पहचान कराने के लिये ग्रामवासियों को बुलाते हुये पूछताछ किये जाने पर मृतक की पहचान मनीष शर्मा ग्राम बोहानी के रूप मे की गई। इस तरह घटित हुई घटना को लेकर पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाने के बाद मर्ग कायम करते हुये पोस्ट मार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौप दिया गया है।

## बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी सोहेल दोष मुक्त, जिला सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला



**रीवा।** विशेष न्यायालय (पॉक्सो) ने एक चर्चित मामले में आरोपी सोहेल खान को दोषमुक्त करार दिया है। यह फैसला न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, रीवा, के समक्ष विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 39/2025 राज्य बनाम सोहेल खान में सुनाया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, 13 वर्षीय पीड़िता की मां ने थाना सिविल लाइन रीवा में 28 मई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से लापता है। पुलिस ने प्रारंभ में अपराध क्रमांक 180/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज किया था।बाद में पीड़िता के दस्तयाब होने पर उसने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह आरोपी सोहेल खान को दो वर्ष से जानती थी और उसी के बहकावे में आकर घर से भाग गई थी। पीड़िता ने यह भी कहा कि आरोपी ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया। इस आधार पर पुलिस ने प्रकरण में धारा 87, 64(2) बी.एन.एस. के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएँ 3, 4, 5, 6 जोड़ींआरोपी फरार था जिसे 30 मई 2025 को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने विवेचना उपरांत 2 जुलाई 2025 को चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। डीएनए रिपोर्ट में अभियुक्त और पीड़िता का मेल पाया गया था। साक्ष्य और गवाहों के बयान के परीक्षण के बाद न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा। परिणामस्वरूप न्यायालय ने 8 नवम्बर 2025 को अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी सोहेल खान को सभी आरोपों से बरी कर दिया। इस मामले में आरोपी की ओर से अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने पैरवी की।

## हर विवाह का अब होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज मण्डला

देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत.प्रतिशत पंजीयन के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत.प्रतिशत पंजीयन हो सकेगाए जिससे भविष्य में दंपत्ति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रुढ़ि के अधीन सत्यापित किये गये विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी श्री विकास मिश्रा ने बताया है कि विवाह पंजीयन के लक्ष्य को शत.प्रतिशत प्राप्त करने के लिए प्रदेश के समस्त कलेक्टरों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाए मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया है। आयुक्त श्री मिश्रा ने सामूहिक विवाह कराने वाली सभी संस्थाओं से जागरूकता बढ़ाने मुहिम में बढ़.चढकर हिस्सा लेने की अपील की है।

## परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने जख्मी वन्य प्राणी साम्भर के बच्चे को हल्दी तेल से उपचार कर बचाई जान

### वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को सम्पूर्ण मामले की दी सूचना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक घायल सांभर के शावक की जान बचाई। विधायक ने उसे अपने घर लाकर प्राथमिक उपचार दिया। बोतल से दूध पिलाया। वन विभाग ने उसे परीक्षण कर जंगल में छोड़ दिया है।

जानकारी के अनुसार, विधायक मधु भगत बगली पाठ मेले से अपने निवास चरेगांव लौट रहे थे। रात के समय रंगोंपाठ मंदिर के पास सड़क किनारे उन्हें एक घायल सांभर का शावक दिखाई दिया।विधायक ने तुरंत उसे अपनी गाड़ी में रखवा अपने घर ले आए। घर पहुंचकर उन्होंने हल्दी तेल का लेप लगाकर उसकी प्राथमिक चिकित्सा कर बोतल से दूध पिलाया। रातभर उसकी देखभाल की। इसके बाद विधायक मधु भगत ने घटना की जानकारी वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही दक्षिण सामान्य वन मंडल के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन रक्षक दल और सहायक पशु चिकित्सक विधायक निवास चरेगांव पहुंचे।वन अमले ने घायल सांभर की स्थिति का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया। सहायक पशु चिकित्सक ने सांभर के घावों की जांच की और उसका उपचार जारी रखा। वरिष्ठ वन अधिकारियों और जिला पशु चिकित्सक के निर्देशानुसार, सांभर के बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ पाए जाने पर उसे सुरक्षित रूप से जंगल में उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।

विधायक मधु भगत ने इस घटना पर कहा कि जख्मी वन्यप्राणी को देखकर उन्होंने उसे तत्काल सहायता प्रदान की। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि अब सांभर का बच्चा स्वस्थ है और वन विभाग की देखरेख में अपने प्राकृतिक वातावरण में लौट गया है।

## नदी में मछली पकड़ रहे युवक की संदिग्ध स्थिति में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



निश्चित तौर से कभी कभी इस तरह से घटित होने वाली घटनाये चर्चा का विषय बनने से साथ साथ सबाल खड़े करने से नही चूकती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपसि बेरखेडी के पास मछली पबड़ने गये युवक की नदी में डूबने से हुई मौत को लेकर जान पड़ रही है। बताया जाता है कि ग्राम बसुरिया निवासी युवक विनोद नौरिया लावार बेरखेड़ी घाट पर नदी में मछली पड़ने के लिये गया हुआ था। इस दौरान युवक का शव नदी में तैरते हुये पाया गया। इस प्रकार से क्षेत्र के लोगों को नदी में डूबकर मौत होने की सच्चाई आसानी से गले उतारते हुये जान नही पड़ पा रही है..? लोगों का कहना है कि विनोद नौरिया पानी में तैरने के लिये माहिर था जो बारिश के दिनों में जब नदी में बाढ़ रहती है उस दौरान नदी में छलांग लगाते हुये देखा जाता रहा है। मगर इस समय नदी में अधिक पानी न होने के बाद भी उसकी डूबने से मौत होने असंभव प्रतीत होने के चलते युवक की मौत संदिग्ध बनने से नही चूक रही है..? वही मृतक के शव का पुलिस द्वारा पंचनामा बनाने के बाद मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है।

## दबंगों द्वारा युवक के साथ पुलिस चौकी के अंदर घुसकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

बीते हुये दिनों चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम गोटीटोरियों में उस समय देखने मिली जब गांव के कुछ दबंगों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट की जा रही थी तो वह अपने जान बचाने के लिये गोटीटोरिया पुलिस चौकी के अंदर पहुंचा। मगर वहां पर भी दबंगों द्वारा पुलिस चौकी के अंदर घुसकर मारपीट करने से नही चूके। इस सच्चाई को सोशल मीड़िया पर लगातार विडियों वायरल होते हुये देखा जा रहा है। जिसमें गांव के कुछ लोग एक युवक को सड़क पर मारपीट करते हुये दिखाई देने के साथ साथ जब युवक पुलिस चौकी के अंदर गया तो वहां पर भी दबंग युवक के साथ मारपीट करते हुये दिखाई देने से नही चूक पाये है.? इस सच्चाई को लेकर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब लोग पुलिस थानों या फिर चौकियों के अंदर सुरक्षित नही रह पा रहे है तो फिर इस तरह की कानून व्यवस्था को क्या नाम दिया जावेगा और क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी को कैसे मजबूत समझा जा सकता है..? बताया जाता है कि ग्राम गोटीटोरिया निवासी ओम प्रकाश चौधरी के घर पर गांव के कुछ लोग विवाद कर रहे थें। ओम प्रकाश चौधरी मजदूरी करने के बाद जब अपने घर पहुंचा तो उसे इस तरह झगड़े की जानकारी मिलने पर वह पुलिस चौकी घटना की शिकायत करने के लिये जाने लगा। इसी बात को लेकर गांव के कुछ दबंग उसके पीछे पड़ गय और रास्ते में घेरते हुये मारपीट शुरू कर दी गई। इस तरह अपने जान बचाने की सोच रखते हुये जब ओम प्रकाश ने अपनी जान बचाने के लिये पुलिस चौकी के अंदर दौड़ लगा दी गई तो आरोपियों द्वारा पुलिस चौकी के अंदर प्रवेश करत हुये उसके साथ वहा पर भी मारपीट करने से नही चूके। इस संबंध में जब ओम प्रकाश चौधरी से चर्चा की गई तो उसने बताया कि गांव के ही कुछ लोग उसके घर जाकर परिजनों से विवाद कर रहे थें। इसी बात को लेकर जब वह अपने घर पहुंचा और विवाद होते हुये देख पुलिस चौकी रिर्पोट करने जा रहा था। मगर रास्ते में गांव के कालूराम, पवन और कुछ लोग मिले जो प्रार्थी के साथ रास्ते में मारपीट करने लगे। जब प्रार्थी चौकी के अंदर पहुंचा तो उन लोगों ने वहां पर पहुंचकर भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचे। पुलिस चौकी के अंतर्गत मौजूद मात्र एक महिला पुलिस कर्मी असहाय होकर यह सबकुछ देखती रही। इसी प्रकार से पीड़ित की पत्नी का कहना है कि गांव के दबंगो द्वारा उसके पति को दौड़ा दौड़कर मारने के साथ जब वह पुलिस चौकी पहुंचे तो वहां पर भी उनके साथ मारपीट की गई।

### कॉलोनी में दिखा भालू, दहशत का माहौल

**कोतमा।** कुछ लोग गोविंदा नर्सरी में जुआ खेल रहे थे तभी अचानक शाम 4:05 बजे के लगभग भालू आ धमका, जिससे दहशत व्याप्त है। आनन फानन में जुआरी अपनी जान बचाकर इधर-उधर भाग गए। बताया जाता है कि गोविंद कॉलोनी के दुर्गा मंदिर के पास भी लोगों को भालू दिखाई दिया था जिसके कारण आप लोग दिन में भी कॉलोनी में निकलने में डरने लगे हैं। लेकिन वन विभाग के द्वारा भालू को पकड़ने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है क्या वन विभाग को कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने का इंतजार है। बता दे की इसके पूर्व भी नगर में 22 अक्टूबर की सुबह दो भालुओ की दस्तक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था।

## चार दिनों से दहशत फैला रहा हाथी, रतजगा को मजबूर चिंतित ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

चार दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से अनूपपुर जिले में प्रवेश किया एक हाथी जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट अंतर्गत जंगल में डेरा जमाया हुआ है जो रात होते ही जंगल से निकल कर चोई एवं कुकुरगोड़ा गांव के टोला, मोहल्ला में किसानों के खेतों में लगे धान की फसल मे पहुंचकर फसल को खा कर नुकसान कर रहा है विगत रात हाथी द्वारा एक घर में तोड़फोड़ कर खेत में लगे बोर मशीन एवं पाइपों को तोड़फोड़ कर नुकसान किया। हाथी के विचरण पर वनविभाग का मैदानी अमला हाथी की निगरानी के साथ आम जनो की सुरक्षा कर रहा है। 5 नवंबर की रात एक दांत वाला नर हाथी छत्तीसगढ़ राज्य के वन परिक्षेत्र एवं वन मंडल मरवाही अंतर्गत सिवनी बीट के जंगल से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र की सीमा में पहुंचकर विगत चार दिनों से धनगवां बीट के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योटार, पड़रिया एवं कुकुरगोंड़ा के कुसुमहाई, चोई के भलुवानघर टोला एवं सारिस्थाल स्थान पर साम, रात होते ही जंगल से निकलकर खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों के खेतों में लगी धान की फसल जिसमें महगू सिंह, महालाल सिंह पिता हीरासिंह गोंड़, इलाबाई पति अर्जुन सिंह सहित अनेको ग्रामीण के खेतों में लगी धान की फसल को खाकर नुकसान किया वही चोई गांव के भलुवान घर टोला घर निवासी छग्गू सिंह पिता भागीरथी सिंह के ईट वाले घर की दीवाल को तोड़कर घर के अंदर रखें सामग्रियों को खाते हुए खेत में लगे सिंचाई वाले बोर पम्प की मशीन एवं पाइपों के साथ अन्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाया है,। शनिवार एवं रविवार की मध्यरात्रि इस हाथी का कहीं पता नहीं चला लेकिन रविवार की सुबह चौथे दिन फिर से धनगवां बीट के जंगल में ठहरने की जानकारी मिली है। एक हाथी के चार दिनों से निरंतर विचरण के कारण प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण रात रात भर जगा कर रात बिता रहे हैं ग्रामीण जन अपनी फसल एवं संपत्तियों के नुकसान के कारण परेशान है वहीं वनविभाग के मैदानी कर्मचारी इस हाथी के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए आम जनों को सुरक्षित रहने हेतु अपील करते हुए सुरक्षित रहने की बात ग्रामीणों से कह रहे हैं। हाथी द्वारा फसल एवं अन्य तरह की सामग्रियों का नुकसान किए जाने पर राजस्व एवं वनविभाग के कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण कर राहत प्रकरण तैयार किया जा रहा है, ग्रामीणो एवं जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा एक बार फिर से अनूपपुर जिले में हाथी के विचरण पर चिंता व्यक्त करते हुए हाथी को जिले से बाहर किए जाने की मांग जिला प्रशासन एवं वनविभाग से की है।

### बीमारी से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां बीमारी से परेशान एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना ग्राम नवा टोला चंदौरा की बताई जा रही है। मृतक की पहचान रूपलाल सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, रूपलाल पिछले कई महीनों से किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। लगातार इलाज के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा था। इस कारण वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। बताया गया कि रविवार सुबह उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया।

## आत्महत्या को उत्प्रेरित करने वाले फरार दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।





मृतिका नेहा केवट पति बलराम केवट उम्र 30 वर्ष निवासी डबल स्टोरी भालूमाडा की अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी जिसकी सूचना मिलने पर थाना भालूमाडा पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव को फांसी से उतरवाकर पंचनामा कार्यवाही किया गया था। पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतिका नेहा केवट के द्वारा लिखी गई सुसाईड नोट बरामद हुआ था।

सुसाईड नोट को जप्त कर पुलिस के द्वारा जांच कराई गई एवं मृतिका के परिजनों साक्षीगणों के कथन लिये गये। मृतिका के परिजनों एवं साक्षीगणों के द्वारा बताया गया कि मृतिका के पति बलराम केवट का कंचन चौधरी नाम की लड़की से अवैध संबंध होने से मृतिका अपने पति एवं कंचन चौधरी से प्रताडित होकर उक्त दिनांक को फांसी लगाकर आत्महत्या की थी जिस पर थाना भालूमाडा में अप.क्र. 397/2025 धारा 108, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की किया जा रहा था। प्रकरण के उक्त दोनो आरोपी बलराम केवट पिता देवीदयाल केवट उम्र 39 वर्ष डबल स्टोरी भालूमाडा एवं आरोपी की प्रमिका कंचन चौधरी पिता दुखीराम चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी लाईन दफाई भालूमाडा की उक्त दोनो आरोपी काफी लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ सिंह मरकाम तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में भालूमाडा पुलिस टीम द्वारा 9 नवंबर को उक्त दोनो आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से जेल भेजा गया।

### रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं का केवीके सिवनी में आगमन

## जबलपुर कृषि महाविद्यालय की 29 छात्राएं सीखेंगी आधुनिक खेती की तकनीकें

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, कृषि महाविद्यालय जबलपुर की 29 छात्राओं का आगमन हुआ है। ये छात्राएं आगामी 6 माह तक रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस रूरल कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र में कार्य करेंगी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के निर्देशन में छात्राओं को खेती की उन्नत कृषि तकनीकें सिखाई जाएंगी। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. के.के. देशमुख सहित वैज्ञानिक डॉ. एन.के. सिंह, डॉ. आर.एस. ठाकुर, इंजी. कुमार सोनी, डॉ. जी.के. राणा एवं डॉ. के.पी.एस. सैनी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। डॉ. बघेल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ग्रामीण परिवेश में किसानों के साथ काम करते हुए खेती की बारीकियों को समझने का अवसर देना है। छात्राएं गांवों में जाकर किसानों की कृषि से जुड़ी समस्याओं का समाधान, नई तकनीकों का प्रचार-प्रसार तथा विस्तार गतिविधियों में सहभागिता करेंगी। इससे उनमें व्यवहारिक अनुभव और आत्मविश्वास का विकास होगा।

**कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ**

रूरल कार्यक्रम के दौरान छात्राएं गांवों में जाकर पानी प्रबंधन, जुताई, बुवाई, कीटनाशक छिडक़ाव, आदि कृषि कार्यों में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होंगी।

वे बीज उपचार, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, केंचुआ खाद उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, अजोला उत्पादन, मशरूम उत्पादन जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण लेंगी।

साथ ही ग्रामीण परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का अध्ययन कर किसानों की आवश्यकताओं को समझने का अवसर भी मिलेगा।

**परियोजना रिपोर्ट और मूल्यांकन**

कार्यक्रम के अंत में छात्राएं अपने अनुभवों और अवलोकनों के आधार पर एक परियोजना रिपोर्ट तैयार करेंगी, जिसका मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा।

**रूरल का उद्देश्य और महत्व**

यह कार्यक्रम छात्रों को ग्रामीण परिस्थितियों, किसानों की समस्याओं और कृषि विस्तार की प्रक्रियाओं से परिचित कराता है। इससे वे व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर भविष्य में कृषि क्षेत्र में करियर के लिए तैयार होते हैं।

### किराना दुकान में लूट और चाकू से हमला

**शहडोल।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा गांव में किराना दुकान पर लूट और चाकू से हमले की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है,। चार बदमाश बुलेट पर सवार होकर जोरा गांव स्थित दुकानदार उमेश कुमार गौतम की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने सिगरेट और नमकीन का सामान लिया, और पैसे मांगने पर दुकानदार पर दबंगई दिखाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उमेश पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और दुकान में रखे 15 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों हैप्पी दुबे ब्यौहारी, उदय पांडे उर्फ चोंगा जबलपुर निवासी और एक नाबालिग को जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शताब्दी वर्ष पर विशेष सेमिनार संपन्न

जबलपुर।

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, जबलपुर में 9 नवम्बर 2025 को गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष सेमिनार एवं अंतर-महाविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु जी के त्याग, बलिदान और मानवता के संदेशों को स्मरण करते हुए समाज में एकता, करुणा और सत्य के मूल्यों को सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार एम.एस. चावला ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. एस.एस. संधू और विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद सिंह राणा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुबाणी की पावन धुन से हुआ। प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि "गुरु तेग बहादुर जी के आदर्श सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं।"



मुख्य आकर्षण अंतर-महाविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता रही, जिसमें 21 महाविद्यालयों के 36 प्रतिभागियों ने "आधुनिक समय में श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत और शिक्षाओं की प्रासंगिकता" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में डॉ. जी.के. चंडोक, सरदार डी.एस. सोढ़ी एवं डॉ. के.एस. भाटिया सम्मिलित थे।

सेमिनार में डॉ. एस.एस. संधू और डॉ. आनंद सिंह राणा ने गुरुजी के जीवन दर्शन को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गुरदीप कौर कालरा एवं राजबीर कौर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. परमजीत बाजवा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, शिखा पाराशर, प्रकृति विश्वास, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. अंबिका तिवारी सहित अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सिम्मी सिंह, जसविंदर कौर, डॉ. बलबीर कौर, सुश्री अमरदीप कौर, डॉ. रूबी दुग्गल एवं डॉ. नेहा फ्लोरा का विशेष योगदान रहा। सम्पूर्ण आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।



## कुशवाहा समाज का चातुर्मास व सामाजिक सम्मेलन संपन्न

**जबलपुर।** जबलपुर संभागीय कुशवाहा समाज द्वारा संस्था कार्यालय कुशवाहा धाम श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर सम्राट अशोक चौक गौरीघाट में प्रत्येक शनिवार को संस्था की पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने सुंदरकांड पाठ एवं भजन, कीर्तन किया। समापन दिवस पर सामाजिक सम्मेलन में समाज के 46 वरिष्ठजनों का सम्मान, जिले की विभिन्न इकाइयों का सम्मान, संस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों का सम्मान तथा कक्षा आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात एक निःशुल्क विवाह कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। संस्था अध्यक्ष हरगोपाल कुशवाहा एवं बैजनाथ पटेल के मार्गदर्शन में संस्था समाज शिक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने पर कार्ययोजना बनाकर आगे कार्यकारिणी पदाधिकारियों की सहमति से कार्य करने का संदेश एवं आग्रह किया गया।

## एड. आकाश शर्मा पैनल अधिवक्ता नियुक्त हुए



**जबलपुर।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा कार्यकारी समिति की विगत दिवस आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के कुलपति कुलगुरू प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार कुररिया ने योग्यता के आधार पर एड. आकाश शर्मा को रीवा विश्वविद्यालय का पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया है। अधिवक्ता आकाश शर्मा अंतरराष्ट्रीय पहलवान रविन्द्र शर्मा उर्फ 'पप्पू' पहलवान के सुपुत्र हैं। साथ ही अधिवक्ता आकाश शर्मा संत मौनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर के गवर्निंग बॉडी मेम्बर और अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के प्रदेश सचिव हैं।



## महापौर ने कान्हा टर्फ ऐरीना का उद्घाटन किया

**जबलपुर।** ग्वारीघाट रोड आदर्श नगर गुरुद्वारा में मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर जगत बहादुरसिंह अन्नू ने कान्हा टर्फ ऐरीना का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि आसपास के बच्चों को इस क्रिकेट मैदान का लाभ मिलेगा और वह अपना खाली समय खेल में देकर अपने शरीर को तंदुरुस्त बनाने का काम भी करेंगे। सुबह-सुबह 7:00 बजे महापौर जब टर्फ पर पहुंचे, तो उपस्थितजनों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

उद्घाटन अवसर पर रामरतन यादव, विवेक त्रिपाठी, छात्र नेता अशोक तोमर, दीपक कुशवाहा, महेश पसीने, सुधीर मिश्रा, गुज्जू चौरसिया, उमेश पटेल, क्षेत्रीय पार्षद मालती चौधरी, सुरेंद्र चौहान, बाली भाई, भूरा पहलवान, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव खलीफा, अशोक वर्मा, कृष्ण कुमार यादव खलीफा, मुकेश यादव, गप्पू रजक, सुनील यादव, अजीत यादव, पूरन यादव संजू, अशोक वर्मा, राजकुमार लोधी, राजेश रंजन यादव, रवि यादव, एंड ईशू यादव, ईशान यादव, अभि मलिक, राघव यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ प्रदर्शन कर जलाया चुनाव आयुक्त का पुतला



**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज रद्दी चौकी पर युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया, जिसमें भाजपा एवं चुनाव आयोग पर लोकतंत्र से खिलवाड़ करने के आरोपों के विरोध में युवा कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उवैस अंसारी के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। यह आयोजन कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा और कर्नाटक में भाजपा-चुनाव आयोग की मिलीभगत से मत चोरी के आरोप के समर्थन में किया गया। प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर प्रदर्शन रोकने की कोशिश की लेकिन कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की।इस मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष उवैस अंसारी ने कहा कि "भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम उनकी साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे।" उन्होंने आगे कहा " नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूरे देश के सामने तथ्य रखे हैं कि हरियाणा चुनाव की मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी हुई है और भाजपा के लिए मतदाताओं के आंकड़ों में हेराफेरी की गई है। हमें लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहना है।" कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद गुलाम हुसैन, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अदनान अंसारी, आशिफ इकबाल, निहाल मंसूरी, आबिद मंसूरी, सफीक अंसारी, जय अहिरवार, हर्षित सिंह ठाकुर, शेरू मंसूरी, ज़ैद अंसारी, सोहेल ख़ान मोनू, अचलनाथ चौधरी, अजहरुद्दीन अंसारी, ज़मन अंसारी आदि उपस्थित थे।



## महर्षि सुदर्शन जयंती पखवाड़ा पर आयोजित हो रहे धार्मिक आयोजन

जबलपुर। भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के द्वारा संत शिरोमणि महर्षि सुदर्शन जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम अलग- अलग क्षेत्रों में मनाया जा रहा है, इसी क्रम में अंबेडकर चौक, इंद्रा नगर बिलपुरा में अशोक चोहटेल के नेतृत्व में गुरु जी के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर तिलक वंदन, आरती कर उनका पूजन-अर्चन सभी सामाजिक बंधुओं के द्वारा किया गया। भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जगदीश चोहटेल, सूरज समुंद्र, अशोक कटारे, अशोक चोहटेल, गिरानीलाल बघेल, अनिल बघेल, राकेश बिरहा, रामकिशन हाटे, हरिराम बिरहा, बबलू लालपुरी, राजेश बिरहा, पंचम उरेहा, राजेश परेहा, रवि कटारे, राजेश छपेल, दुर्गा बिरहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पश्चिम मध्य रेलवे पुरुष बास्केटबॉल टीम ने फाइनल में बनाई जगह

जबलपुर।

68वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे बास्केटबॉल चैम्पियनशिप गुवाहाटी में पश्चिम मध्य रेलवे पुरुष बास्केटबॉल टीम ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्टर्न रेलवे को 64 के मुकाबले 70 पॉइंट से एक रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टीम ने पूरे मैच में उत्कृष्ट तालमेल, दृढ़ संकल्प और उम्दा खेल भावना का परिचय दिया। खिलाड़ियों के जबरदस्त प्रदर्शन से दर्शकों में उत्साह का माहौल बना रहा। पश्चिम मध्य रेलवे बास्केटबॉल टीम में मानिक, आकाश भसीन, तुषार सिंह, राकेश शर्मा, शिवम कुमावत, के.एस. राधाकृष्णन, साबरीवासन वी., गुँजन, अभिषेक प्रताप सिंह, जितेन्द्र वर्मा एवं संजीव कुमार ओझा शामिल हैं।



इस जीत के साथ पश्चिम मध्य रेलवे की टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय तथा पश्चिम मध्य रेलवे खेलकूद संघ के अध्यक्ष कुशाल सिंह ने टीम को इस शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी और फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर बास्केटबॉल टीम को जी. पी. शिव नारायण महासचिव, यशवंत कुमार कोषाध्यक्ष, कमल कुमार तलरेजा मंडल रेल प्रबंधक, सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक प्रबंधक, आरिफ अली, राकेश मिश्रा, हसन अली, कुलदीप सिंह बरार, अनिल अब्राहम, असद खान, मितेन्द्र कुमार, नवीन उपाध्याय, असलम अली, रेल कर्मचारियों एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाइयां व भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

# आदिवासी सेवा मंडल के परिचय सम्मेलन में 500 युवक-युवतियों ने भाग लिया

**जबलपुर।** जबलपुर आदिवासी सेवा मंडल का प्रदेश स्तरीय युवक, युवती परिचय सम्मेलन रविवार को मानस भवन में संपन्न हुआ। परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आये लगभग 500 से ज्यादा युवक, युवतियों ने भाग लिया एवं अपने होने वाले जीवनसाथी के बारे में खुलकर मंच से विचार व्यक्त किया। आदिवासी सेवा मंडल की जिला अध्यक्ष राजश्री मरावी ने बताया कि यह जबलपुर में पहला अवसर है कि आदिवासी सेवा मंडल द्वारा जबलपुर में परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें आदिवासी समाज के युवक,




युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीमती मरावी ने बताया कि इस अवसर पर आदिवासी समाज की संस्कृति से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई, जिसे देखकर उपस्थित सदस्य मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण सिंह पट्टा (बिछिया विधायक) और मोहिंदर सिंह कंवर प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी सेवा मंडल मप्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वंदना टेकाम, सचिव रजनी बट्टी समेत समस्त कार्यकारिणी व आदिवासी समाज के सदस्यगण परिवार सहित सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष राजश्री मरावी, उमा उइके, इन्द्रकुमार कुलस्ते, धनराज, मुकेश बट्टी, मुन्नीबाई उइके जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे।



## म.प्र. अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने महापौर को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर। तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक, मध्यप्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एड. पं. राम दुबे एवं प्रांतीय संगठन सचिव कपिल आनंद दुबे, जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी, जिला सचिव बसंत पाण्डे, ईकाई सचिव मुकेश रजक, रमेश मिश्रा, अजाक्स के जिला महामंत्री राकेश समुन्द्रे के द्वारा महापौर, आयुक्त को उक्त बिंदुओं पर ज्ञापन प्रेषित कर तीन दिवस के अन्दर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। 1. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार नगर निगम जबलपुर के समस्त 57 कर्मचारियों को 2003 से समस्त लाभ और पदोन्नति दिये जाने के माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. के निर्देश को मानते हुये नगर निगम जबलपुर के दावे को खारिज कर दिया है, परंतु आज दिनाँक तक कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है, जबकि संगठन द्वारा कई पत्र सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की कार्यवाही को आग्रह पूर्वक संदर्भ में दिये जा चुके हैं। जबलपुर नगर निगम ने जनमानस की सुविधा के लिये 16 जोनों का निर्माण किया जिसमें राजस्व, सकाई जल बिजली के कर्मचारियों को संपूर्ण अधिकार दे पदस्थ किया परंतु आज राजस्व विभाग के अधिकारों का हनन कर राजस्व विभाग की इन परेशानियों का कारण हमारे वरिष्ठ राजस्व अधिकारी हैं, अतः राजस्व अधिकारी अनुभवी एवं कार्य में दक्ष हों ऐसा सुनिश्चित किया जाये। नगर निगम में अनुभवी राजस्व कर्मचारियों की कमी नहीं है। 3. राजस्व के कर्मचारियों कों रविवार का साप्ताहिक अवकाश दिया जाना सुनिश्चित करें। 4. कार्यालयीन समय 10 से 06 बजे तक सुनिश्चित करें। 5. साप्ताहिक अवकाश एवं अवकाश के दिनों पर कार्य लिये जाने पर अतिरिक्त वेतनमान (ओवर टाइम) दिया जाये।

## राष्ट्रीय कार्यशाला "जिज्ञासा-2025" का आयोजन आज से

**जबलपुर।** महाकोशल विज्ञान परिषद व मध्यप्रदेश एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 19वीं विज्ञान लोकव्यापीकरण की राष्ट्रीय कार्यशाला "जिज्ञासा-2025" का आयोजन 10 से 14 नवम्बर तक श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान प्रवृत्ति एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न वैज्ञानिक प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध, रंगोली प्रतियोगिताएं एवं संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें अनेक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे।

## 6 करोड़ 11 लाख का सरचार्ज हुआ माफ : ऊर्जा मंत्री तोमर

# बिजली बकायादारों के लिए शुरू हुई समाधान योजना को मिला अच्छा रिस्पांस

### 6 दिन में ही 8163 उपभोक्ताओं ने लिया योजना का लाभ, कम्पनियों के खाते में कुल 11 करोड़ 15 लाख मूल राशि हुई जमा

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान योजना 2025-26 को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अब तक 6 दिनों में ही 8163 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। इनका 6 करोड़ 11 लाख रुपए सरचार्ज माफ हुआ है। उन्होंने ग्वालियर में पत्रकारों से चर्चा कर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत हुए निर्माण एवं विकास कार्यों की भी जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि तीन माह से अधिक के विलम्बित बिल के भुगतान पर मध्य प्रदेश सरकार ने सरचार्ज में भारी छूट देने का फैसला लिया है। इस फैसले के क्रियान्वयन के लिये समाधान योजना 2025-26 विगत 3 नवम्बर से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी।



यह योजना दो चरणों में है। पहला चरण 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 में 60 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ किया जा रहा है। इसी प्रकार दूसरा चरण 01 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक है, जिसमें में 50 से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है। इस योजना में दो प्रकार के भुगतान विकल्प दिये गये हैं। एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट रहेगी। साथ ही 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इस योजना में घरेलू, गैर घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता शामिल हैं। इस योजना में पंजीकरण हेतु न्यूनतम भुगतान के लिये घरेलू उपभोक्ताओं पर बकाया राशि का 10 प्रतिशत एवं गैर घरेलू औद्योगिक उपभोक्ताओं पर बकाया राशि का 25 प्रतिशत राशि जमा कराने का प्रावधान है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि समाधान योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र या मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर विजिट करें अथवा कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क करें।

## बदमाश के कब्जे से जीआरपी ने जप्त किये कीमती मोबाईल

# स्टेशन में चैकिंग के दौरान पकड़ा गया शातिर बदमाश

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक (रेल) सिमला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक (रेल) अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आरोपी संतोष गुजराती उर्फ कूका पिता करन गुजराती उम्र 30 वर्ष निवासी ओम दुर्गा साँई मन्दिर के पास कंजर मोहल्ला थाना बेलबाग जिला जबलपुर (म.प्र.) को रेलवे स्टेशन में चैकिंग के दौरान पकड़ा गया जिससे कड़ाई से पूछताछ की गई, आरोपी ने रेलवे स्टेशन में चोरी करने के लिये आना बताया, तलाशी लेने पर पाँच नग



विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल कीमती 89,500 रूपये के जप्त किये गये। एक रेडमी कम्पनी का मोबाईल कीमती 14500 रूपये का अपराध क्र. 952/25 धारा 305 (सी) बीएनएस से मिलान होना पाया गया। बाकी शेष 04 मोबाईलों के माल मालिकों की तलाश पतासाजी हेतु सायबर सेल जबलपुर को पत्र भेजा गया एवं आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 953/25 धारा 317 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से अन्य चोरी के मामलों में पूछताछ की जा रही है। इस सराहनीय कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर से SHO संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, व्यास सिंह, सत्येंद्र सिंह, आरक्षक रविकांत, परशुराम, गोपाल, उमेश, ओमप्रकाश एवं आरपीएफ पोस्ट जबलपुर के आरक्षक हरिकेश दुबे का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक (रेल) पुलिस जबलपुर के द्वारा उचित ईनाम देने की घोषणा की गई।

## अदनान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव निर्वाचित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी गई है जिसमें जबलपुर के अदनान अंसारी ने प्रदेश सचिव पद पर जीत हासिल की है। नव निर्वाचित सचिव अदनान अंसारी ने सहयोगियों और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत युवाओं के उत्साह, संगठन के प्रति समर्पण और कांग्रेस विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा की प्रतीक है। हम संगठन के मार्गदर्शन में युवाओं की समस्याओं के समाधान और



समाज के हर वर्ग की आवाज बनने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे, यह जीत मेरी नहीं, बल्कि हर उस कार्यकर्ता की है जिसने संगठन की मजबूती के लिए तन, मन, धन से योगदान दिया। अदनान के सचिव पद पर निर्वाचित होने पर युवा कांग्रेस के रिज़वान अली कोटी, सागर शुक्ला, रिंकू बदलानी, अमित सोनकर, बादल पंजवानी, एजाज अंसारी, शफी खान, अनुराग शुक्ला, अंकित कोरी सहित अन्य ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया है।

## बिहार में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा, सत्ता की 'डोर' मतदाताओं के हाथ

# 20 जिलों की 122 सीटों पर कल मतदान, 14 को नतीजे

**मतदाता**
3 करोड़ 70 लाख 13 हजार 556

**उम्मीदवार**
1302

**मतदान केंद्र**
45,399

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार का शोर रविवार शाम 6 बजे थम गया। अब पूरी बागडोर जनता के हाथों में है, जो सोमवार 11 नवंबर को मतदान करके यह तय करेगी कि सत्ता की कुर्सी पर कौन बैठेगा। बिहार चुनाव के दूसरे इस चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें 101 सामान्य, 19 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें शामिल हैं। कुल 3 करोड़ 70 लाख 13 हजार 556 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस चरण में प्रत्येक बूथ पर औसतन 815 मतदाता दर्ज हैं, जो शांतिपूर्ण मतदान की उम्मीद को संतुलित रखते हैं। दूसरे चरण में बिहार के 20 जिलों गया, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, नवादा, भागलपुर, बांका, जमुई, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में वोटिंग होगी। दूसरे और अंतिम चरण में 1302 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 136 महिलाएं, 1165 पुरुष और एक थर्ड जेंडर कैंडिडेट शामिल हैं। इस चरण में 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 595 महिला संचालित, 91 दिव्यांगजन संचालित और 316 मॉडल बूथ शामिल हैं। इस चरण में सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की जाएगी।



मतदान की तैयारियों का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी



रंगोली में उकेरा मतदान का चिन्ह

### किस सीट पर कितनी टक्कर

दूसरे चरण में तीन सीटों पर सबसे ज्यादा 22-22 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसमें कैमूर का चैनपुर, रोहतास का सासाराम और गया शहर शामिल है। वहीं, लौरिया, चनपटिया, रक्सौल, सुगौली, त्रिवेणीगंज और बनमनखी ऐसी सीटें हैं, जहां केवल 5-5 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इससे कुछ सीटों पर सीधा मुकाबला तो कुछ पर बहुकोणीय लड़ाई देखी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### ओरिएंट ग्रीन का लाभ करीब 110 करोड़ रु. दर्ज

**चेन्नई।** ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी के अनुसार दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 135.45 करोड़ और एबिटडा 104.31 करोड़ दर्ज हुआ। कंपनी का शुद्ध लाभ 80.94 करोड़ और शुद्ध लाभ मार्जिन 60 फीसदी दज हुआ। वही पहली छमाही में कंपनी कुल आय 228.62 करोड़ रुपए, एबिटडा 170.23 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 109.56 करोड़ रुपये रहा।

### एलीटकॉन का शुद्ध लाभ 207 करोड़ रहा

**मुंबई।** एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की है। कंपनी का परिचालन राजस्व 2,192 करोड़ रुपए रहा, जो तिमाही-दर-तिमाही 318 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी अवधि में कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ 117.19 करोड़ रुपए रहा, जिसमें 62.58 फीसदी की वृद्धि हुई। कंपनी का परिचालन राजस्व 3,735 करोड़ रुपए तथा शुद्ध लाभ 207.59 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

### विनिर्माण क्षमता का विस्तार किया मित्सु केम ने

**मुंबई।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड ने मौजूदा संयंत्रों में लगभग 655 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की नई क्षमता वृद्धि की घोषणा की है। यह कदम मित्सु की निरंतर विकास रणनीति का हिस्सा है। कंपनी के 2028 तक 1,000 करोड़ वार्षिक राजस्व के दीर्घकालिक लक्ष्य को समर्थन देना है। इस विस्तार के साथ, मित्सु की कुल परिचालन क्षमता लगभग 28,424 मीट्रिक टन प्रति वर्ष से बढ़कर लगभग 29,079 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

## अक्टूबर-नंवबर खरीफ मार्केटिंग सीजन का पहला महीना

# जोरदार आवक, सरकारी खरीदी के अभाव में खरीफ फसलों का भाव एमएसपी से नीचे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खरीफ फसलों की कटाई- तैयारी होने से राजधानी सहित मध्यप्रदेश और प्रमुख उत्पादक राज्यों की विभिन्न मंडियों में खरीफ उपज भारी आवक हो रही है। इसके फलस्वरूप प्रमुख दलहनों, तिलहनों एवं मोटे अनाजों का थोक मंडी भाव घटकर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चल रहा है जिससे किसानों को लाभप्रद वापसी के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि अक्टूबर- नवंबर 2025 के दौरान केवल धान और ज्वार का भाव सरकारी समर्थन मूल्य से ऊंचा रहा। मालूम हो कि अक्टूबर- नंवबर खरीफ मार्केटिंग सीजन का पहला महीना होता है। बासमती धान के लिए एमएसपी का निर्धारण नहीं होता है जबकि सामान्य या गैर बासमती श्रेणी के धान की खरीदी सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाती है। अक्टूबर माह के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं तमिलनाडु जैसे राज्यों में धान की आवक हुई।

### तुअर के नए माल की आपूर्ति अगले दो महीने में



खरीफ सीजन की फसलें

#### एमएसपी पर पहुंचने की संभावना बहुत कम

बाजार जानकार सुगंधीलाल रोहित जैन के अनुसार तिलहनों का थोक मंडी भाव दिसंबर 2025 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पहुंचने की संभावना बहुत कम है। नवंबर से सोयाबीन एवं मूंगफली की सरकारी खरीदी आरंभ होने वाली है। किसान इसके अधिकांश स्टॉक की बिक्री दिसंबर तक कर चुके होंगे, इसलिए बाजार कुछ मजबूत होता है तो उसे ज्यादा लाभ नहीं मिल पाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय अनुसार नौ प्रमुख जिंसों- तुवर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफली, मक्का, बाजरा, ज्वार एवं धान का थोक मंडी भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे बना रहा। उल्लेखनीय है कि चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द का 7800 रुपए, तुवर का 8000 रुपए, मूंग का 8768 रुपए तथा मसूर का समर्थन मूल्य 6700 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।

म्यांमार विश्लेषकों के अनुसार आगामी समय में तुवर जैसी कुछ कृषि जिंसों का भाव मजबूत रह सकता है क्योंकि बाढ़-वर्षा से मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र एंव अन्य राज्यों में इसकी फसल प्रभावित हुई है और इसका उत्पादन घटने की संभावना है, लेकिन कीमतों में अच्छी तेजी तभी संभव हो पाएगी। जब सरकार इसके आयात को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए और स्वयं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इसकी भारी खरीद सुनिश्चित करे। खरीफ कालीन उड़द एवं मूंग के नए माल की आवक भी शुरू हो चुकी है जबकि तुवर के नए माल की आपूर्ति अगले दो महीने से आरंभ होने की संभावना है।

### वेदांता ने एल्युमिनियम और जिंक इंडस्ट्रियल पार्क की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** भारत के औद्योगिक और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए वेदांता लिमिटेड ने ओडिशा और राजस्थान में क्रमशः गैर-लाभकारी एल्युमिनियम और जिंक इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने की घोषणा की है।यह घोषणा वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल द्वारा की गई, जिन्होंने बताया कि ये पार्क नवाचार, उद्यमिता और औद्योगिक उत्कृष्टता के जीवंत केंद्र बनेंगे, जो धातु, विनिर्माण और उन्नत तकनीक के क्षेत्र में भारत की वृद्धि को गति देंगे। वेदांता ने युवा उद्यमियों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को आमंत्रित किया है कि वे 2 करोड़ रुपए से 50 करोड़ रुपए या उससे अधिक के निवेश के साथ इन परियोजनाओं में भाग लें। इन पार्कों से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत की वैश्विक औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

## टीम की खिलाड़ियों को कारें समर्पित

# टाटा मोटर्स महिला क्रिकेट विजेता टीम के हर खिलाड़ी को देगी कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महिला क्रिकेट टीम ने इस साल वर्ल्ड कप जीतकर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। अब देश की ऑटोमोबाइल दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स ने इन विजेताओं के सम्मान में बड़ा कदम उठाया है।

कंपनी ने घोषणा की है कि वह 25 नवंबर 2025 को लॉन्च होने वाली अपनी फ्लैगशिप एसयूवी (टाटा सिएरा) का पहला बैच भारतीय महिला क्रिकेट टीम को गिफ्ट करेगी। इस दौरान टीम की हर खिलाड़ी को मिलेगा इस एसयूवी का टॉप मॉडल, जिसमें कंपनी की नवीनतम टेक्नोलॉजी और फीचर्स शामिल होंगे। यह कारें टीम की उन खिलाड़ियों को समर्पित हैं।




# एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स के बोर्ड ने फंड जुटाने के लिए मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद स्थित एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके निदेशक मंडल ने कंपनी के शेयरधारकों और अन्य वैधानिक, नियामक अनुमोदनों के अधीन रहते हुए अधिकतम 250 करोड़ रुपये की राशि क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशनल बायर्स के माध्यम से और 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड के जरिए जुटाने की मंजूरी दी है। यह भी घोषणा की कि उसने चाइपेक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता हस्ताक्षर किए हैं।

## गुड़ के शीरे पर 50 फीसदी निर्यात टैक्स भी हटा

# केंद्र सरकार ने चीनी मिलों को दी 15 लाख टन चीनी निर्यात करने की इजाजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अगले चीनी सीजन 2025-26 में करीब 15 लाख टन चीनी निर्यात करने की इजाजत दी जाएगी। साथ ही, गुड़ की छाछ यानी शीरे पर लगने वाला 50 फीसदी निर्यात टैक्स भी हटा दिया गया है। इससे चीनी मिलों को बेहतर दाम मिलेंगे। किसानों को जल्दी पेमेंट हो सकेगा। ये कदम किसानों की मदद के लिए उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने ये सारी बातें बताईं। जनवरी 2025 में जब चीनी के मिल भाव गिर रहे थे, तब केंद्र ने



चीनी मिलों को बेहतर दाम मिलेंगे

10 लाख टन चीनी निर्यात की परमिशन दी थी। इससे देश में अतिरिक्त चीनी का स्टॉक मैनेज हो गया। पहले 3370 रुपये प्रति क्विंटल थे, जो 3700 से 3930 रुपये तक पहुंच गए। अब 2025-26 सीजन के लिए भी 15 लाख टन निर्यात की मंजूरी दी गई है।

## रिजर्व बैंक का एक नया सर्कुलर जारी

# सोने की तरह अब चांदी को भी ग्राहक रख सकेंगे बैंकों में गिरवी, सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल / नई दिल्ली

अभी तक सराफा बाजार में गिरवी के व्यवसाय से जुड़े लोग ही चांदी गिरवी रखकर जरूरतमंद को उधार में राशि देते थे, लेकिन अब कॉमर्शियल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, रीजनल रूरल बैंक, कोऑपरेटिव बैंक, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां भी चांदी को गिरवी रख कर लोन उपलब्ध कराएंगे।

इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चांदी पर लोन देने की अनुमति दे दी है। अभी तक बैंक और वित्तीय संस्थान केवल सोने पर ही लोन उपलब्ध कराते थे, लेकिन अब लोग अपने पास रखी चांदी के गहनों और सिक्कों को गिरवी रखकर भी कर्ज ले सकेंगे। यह सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी।




गहनों और सिक्कों को गिरवी रखकर भी ले सकेंगे लोन

गौरतलब है कि सोने या चांदी की ब्रिक्स (बुलियन) पर उपभोक्ताओं को लोन नहीं मिलेगा। इसी तरह गोल्ड या सिल्वर से जुड़े निवेश (जैसे ईटीएफ या म्यूचुअल फंड) पर भी लोन नहीं ले पाएंगे।

अक्सर ऐसे समय आते हैं जब लोगों को तुरंत पैसों की जरूरत होती है। ऐसे में अब सोने के साथ-साथ चांदी भी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने का साधन बन सकती है। नए नियमों के अनुसार सोने के गहनों पर अधिकतम 1 किलो तक लोन लिया जा सकता है। चांदी के गहनों पर अधिकतम 10 किलो तक लोन मिलेगा। सोने के सिक्कों पर 50 ग्राम तक और चांदी के सिक्कों पर 500 ग्राम तक गिरवी रखकर लोन लिया जा सकेगा।

### आरबीआई ने तय की लोन टू-वैल्यू रेशियो

आरबीआई ने इस स्कीम के लिए लोन की सीमा भी तय की है। 2.5 लाख रुपये तक के लोन पर 85 फीसदी तक की राशि मिलेगी। 2.5 लाख से 5 लाख रुपये तक पर 80 फीसदी तक लोन मिलेगा। 5 लाख रुपये से ऊपर के लोन पर 75फीसदी तक की राशि ही मंजूर होगी। इसके अलावा लोन पूरा चुकाने के बाद बैंक या संस्था को 7 वर्किंग डेज के भीतर गहने या चांदी लौटानी होगी। देरी होने पर बैंक को उधारकर्ता को 5000 रुपये प्रति दिन का मुआवजा देना होगा। अगर कोई व्यक्ति लोन नहीं चुकाता है, तो बैंक या एनबीएफसी सिल्वर या गोल्ड का ऑक्शन (नीलामी) कर सकता है। लेकिन उससे पहले उधारकर्ता को नोटिस देना जरूरी होगा। ऑक्शन के समय रिजर्व प्राइस कम से कम 90 फीसदी तय किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## पाकिस्तान में विरोध पर उतरे विपक्षी दल

संविधान को बदलने जा रही पाकिस्तान सरकार

# मुनीर को ताकतवर बनाने वाले कानून का विरोध

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में विपक्षी दल रविवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि शहबाज शरीफ सरकार 27वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने जा रही है। विपक्ष ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह संविधान की नींव को हिला देगा। संशोधन में अनुच्छेद 243 में बदलाव किए जाने का प्रस्ताव है इसके तहत चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) के पद को खत्म कर चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) नाम से नया पद शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा संघीय संवैधानिक न्यायालय की स्थापना और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में संशोधन भी शामिल हैं। अगर यह संविधान संशोधन पारित हो जाता है तो आसिम मुनीर पाकिस्तान के पहले सीडीएफ होंगे। संविधान संशोधन का मकसद सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को कम करना भी है।



आसिम मुनीर

## महिलाओं के लिए ग्लोबल एआई प्रतियोगिता शुरू

# अव्वल आने वाली महिला को मिलेंगे 25 लाख नगद


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने महिलाओं के लिए 'एआई बाय हर ग्लोबल इंपैक्ट प्रतियोगिता' की शुरुआत की है, जिसमें महिला इनोवेटर्स को ऐसे एआई सॉल्यूशंस डिजाइन करने होंगे जो समाज के लिए फायदेमंद हों और आसानी से लागू किए जा सकें। ये एक इंटरनेशनल प्रतियोगिता है जो महिलाओं के जरिए लीड किए गए एआई प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट करेगी। इसका उद्देश्य लैंगिक समानता, समावेशी नवाचार और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देना है। ये प्रतियोगिता इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से जुड़ा है, जो 19 से 20 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में




अव्वल आने वाली महिला को 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। जो महिलाएं टॉप 10 में जगह बनाएंगी उन्हें सदस्यता, वैश्विक एक्सपोजर और इंडियाएआई समिट में प्रायोजित भागीदारी मिलेगी। प्रतियोगिता में टॉप 30 में जगह बनाने वाली महिलाएं अपने एआई समाधान नीति निर्माताओं, वैश्विक विशेषज्ञ और निवेशकों को प्रस्तुत करेंगी।इस पहल को माय गोव इंडिया और इंडियाएआई मिलकर आयोजित कर रहे हैं। इसमें दुनिया भर की इनोवेटर्स, शोधकर्ता और उद्यमी महिलाएं एआई आधारित समाधान प्रस्तुत कर सकती हैं। इसका उद्देश्य है कि वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान निकले और बड़े पैमाने पर उसे उपयोग में लाया जा सके।

## शब्द पहेली - 6043



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6042 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु बवाल - 6053

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 6052 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है।। 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style



# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।




# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।'अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।


## टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!



**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'

# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।



# रायबाकिना का तूफानी फॉर्म, बनीं डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैंपियन

## एलेना को खिताब जीतने पर मिली 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि

एजेंसी ▸▸| रियाद

छठी वरीयता प्राप्त और 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीत लिया। रायबाकिना ने रियाद के इनडोर हार्डकोर्ट पर हुए मुकाबले में आठ ऐस लगाए और मैच का एकमात्र ब्रेक भी हासिल किया। रायबाकिना ने अपने खिताबी अभियान में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक, अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला पर जीत दर्ज की।

### रायबाकिना ने जीती सबसे बड़ी राशि

*रायबाकिना ने फाइनल्स जीतने के बाद कहा, 'यह सप्ताह अविश्वसनीय रहा। मुझे किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी और यहां तक सफर तय करना अविश्वसनीय रहा।' चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका के लिए यह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरी हार थी। इससे पहले वह 2022 के खिताबी मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया से हार गई थीं। रायबाकिना लगातार तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपना पहला खिताबी मुकाबला खेल रही थीं। शीर्ष आठ महिलाओं वाले इस टूर्नामेंट जीत हासिल करने से उन्हें 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल की। डब्ल्यूटीए ने कहा कि यह महिला खेलों के इतिहास में सबसे बड़ी राशि है। सबालेंका ने उपविजेता के रूप में 27 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए।*

## हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के बाद जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से नाम लिया वापस

**एथेंस।** चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स से हटने का फैसला किया। जोकोविच ने लगभग तीन घंटे चले फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराकर हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के कुछ देर बाद ही यह फैसला किया। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि कंधे की चोट के कारण वह इटली के तूरिन में शुरू होने वाले शीर्ष आठ पुरुष खिलाड़ियों के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है।' इस फैसले का मतलब है कि मुसेटी उनकी जगह लेंगे।

### जोकोविच ने जीता कॅरियर का 101वां खिताब

जोकोविच सात बार एटीपी फाइनल्स जीत चुके हैं लेकिन पिछले साल भी चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। उन्होंने मुसेटी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर अपने करियर का 101वां खिताब जीता। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर अपना 72वां खिताब जीतकर पुरुषों का रिकॉर्ड भी बनाया, जो रोजर फेडरर से एक अधिक है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'एक अविश्वसनीय मुकाबला। तीन घंटे का मैच शारीरिक रूप से मुश्किल। मुझे इस मैच को जीतने पर खुद पर गर्व है।



## खबर संक्षेप



### रथिका ने शाहीन को दी कड़ी टक्कर, एनएसडब्ल्यू ओपन में रहीं दूसरी पोजिशन पर

**सिडनी।** रथिका सुथांथीरा सीलन एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से हार गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 180वें नंबर की खिलाड़ी 24 वर्षीय रथिका ने अपने चौथे पीएसए फाइनल में तीसरा और चौथा गेम जीतकर चैलेंजर टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। हालांकि कनाडा की खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में वापसी करते हुए 61 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 11-8, 11-3, 4-11, 10-12, 12-10 से जीत हासिल की। इससे पहले शनिवार को रथिका ने न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन को सीधे गेम में हराकर अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया था।

### 16 नवंबर से 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप



**गंगटोक।** सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) ने घोषणा की कि 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप' टूर्नामेंट 16 से 29 नवंबर तक पलजोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और सिक्किम ओलंपिक संघ (एसओए) से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। प्री-क्वालीफाइंग दौर 16 नवंबर से शुरू होगा जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल 18 नवंबर से खेले जाएंगे। क्वार्टर फाइनल 22 नवंबर से 25 नवंबर तक होंगे जबकि सेमीफाइनल 26 और 27 नवंबर को होंगे। फाइनल 29 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मैच एआईएफएफ के नियमों के अनुसार कृत्रिम टर्फ पर खेले जाएंगे और एसएफए के पास जरूरत पड़ने पर मैचों को पुनर्निर्धारित करने का अधिकार होगा।

### पाकिस्तानी टीम से बाहर हुए नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान के उभरते बल्लेबाज हसन नवाज को खराब फॉर्म के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला और टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि हसन नवाज को कायदे आजम ट्रॉफी प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में खेलने के लिए कहा गया है। पीसीबी ने कहा कि सलामी बल्लेबाज फखर जमां 17 नवंबर से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टी20 टीम में हसन की जगह लेंगे। श्रीलंका के खिलाफ 11 नवंबर से रावलपिंडी में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए हसन की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को नहीं चुना गया है।

## त्रिपुरा ने पहली पारी में असम के खिलाफ बनाए 600 रन

# टीम इंडिया से बाहर चल रहे हनुमा विहारी ने ठोका बैक-टू-बैक शतक, मचाया तूफान

*हनुमा विहारी ने पहले बंगाल और अब असम के खिलाफ बैक टू बैक शतक ठोक दिया। इस बैटर के कमाल से त्रिपुरा ने पहली पारी में 600 से ज्यादा रन बनाए।*

एजेंसी ▸▸| अगरतला

टीम इंडिया से बाहर चल रहे स्टार बैटर हनुमा विहारी ने रणजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और अपने प्रदर्शन से सेलेक्टर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। त्रिपुरा के लिए रणजी में खेलते हुए इस बैटर ने असम के खिलाफ शतक ठोक दिया। अगरतला के महाराजा बीर बिक्रम कॉलेज स्टेडियम में उन्होंने ये कमाल किया। हनुमा विहारी ने इससे पहले बंगाल के खिलाफ पहली पारी में 141 रन ठोके थे। ऐसे में विहारी ने एक और शतक लगाया और इस बार उन्होंने असम के खिलाफ कमाल किया। विहारी ने इस दौरान अहम स्ट्रोक्स खेले। इस बैटर ने 215 गेंदों पर 143 रन बनाए। इसमें उन्होंने 17 चौके और एक छक्का लगाया। इसका नतीजा ये रहा कि स्टम्प्स तक टीम का स्कोर 4 विकेट पर 316 रन था।

### त्रिपुरा ने 602 रन पर घोषित की पारी

इस तरह त्रिपुरा ने 7 विकेट गंवा 602 रन ठोके। असम की टीम के 4 विकेट 66 रन पर ही गिर गए। असम की टीम मुश्किल में नजर आ रही है। बता दें कि विहारी टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं। इस बैटर ने भारत के लिए कुल 16 टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने 839 रन ठोके हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 के दौरान विहारी ने आर अश्विन के साथ मिलकर 40 ओवरों तक बल्लेबाजी की थी और सिडनी टेस्ट ड्रॉ कराया था। इस ड्रॉप की बदौलत सीरीज 1-1 पर आ गई थी और अंत में भारत ने गाबा टेस्ट जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी।



### पृथ्वी शॉ ने जन्मदिन पर ठोकी फिफ्टी

*नासिक। टीम इंडिया से बाहर चल रहे युवा बैटर पृथ्वी शॉ रणजी में लगातार रन बना रहे हैं। इस बैटर ने कर्नाटक के खिलाफ नासिक के मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में अर्धशतक ठोका। शॉ ने इसके आगे भी शानदार बैटिंग की लेकिन वो महाराष्ट्र के लिए 71 रन बनाकर आउट हो गए। ये पारी उनके लिए इसलिए भी खास थी क्योंकि उन्होंने 9 नवंबर को अपने 26वें जन्मदिन पर ये कमाल किया। कर्नाटक ने पहली पारी में 313 रन ठोके। इसके जवाब में पृथ्वी शॉ ने शानदार शुरुआत की। ओपनिंग में उनका साथ देने अर्शीन कुलकर्णी थे। इस बैटर ने 34 रन ठोके। इस तरह दोनों ने पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की।*

### मुशीर-सिद्धेश ने लगाया शतक, मुंबई ने पहली पारी में बनाए 446 रन

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई की टीम ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 446 रन बनाए। पहली पारी में मुंबई के लिए आयुष महात्रे, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान जैसे बैटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तो वहीं टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मुशीर खान और सिद्धेश लाड की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। यशस्वी जायसवाल के नहीं होने पर मुंबई के लिए पारी की शुरुआत मुशीर खान के साथ आयुष महात्रे ने की और एक तरफ जहां मुशीर ने शतक लगाया तो वहीं आयुष का बल्ला पहली पारी में नहीं चला। आयुष ने 8 गेंदों पर 9 रन की पारी खेली और आउट हो गए जबकि मुशीर खान ने 162 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 112 रन की शानदार पारी खेली। छठे नंबर पर बैटिंग करते हुए सिद्धेश लाड ने एक छक्के और 18 चौकों के साथ 127 रन की पारी खेली तो वहीं टीम के विकेटकीपर आकाश आनंद ने 34 रन बनाए।

क्रिकेट

## ऑस्ट्रेलिया में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजे गए सुंदर



**ब्रिसबेन।** वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। बीसीसीआई) ने रविवार को पोस्ट किए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए। छब्बीस साल के सुंदर ने श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई।'

### श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी सुंदर

*भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए उनकी उपयोगिता साबित की। होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया, जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को श्रृंखला 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।*

## डब्ल्यूबीबीएल में नहीं चला जेमिमा का बल्ला, हारी टीम

एजेंसी ▸▸| ब्रिसबेन

जेमिमा रोड्रिग्स की विश्व कप जीत के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी निराशाजनक रही क्योंकि यह भारतीय बल्लेबाज महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ अपनी टीम ब्रिस्बेन हीट की सात विकेट से हार में केवल छह रन ही योगदान दे पाई। पिछले सप्ताह भारत की एकदिवसीय विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद अपना पहला मैच खेल रही जेमिमा प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब दिखीं लेकिन नौ गेंद खेलने के बाद एलिस कैप्सी की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर डिएंड्रा डॉटिन के हाथों कैच आउट हो गई। रोड्रिग्स की इस वापसी ने उनके बढ़ते प्रशंसकों को निराश किया लेकिन उनकी मौजूदगी ने मुकाबले में 'स्टार वैल्यू' का तड़का लगाया।



### रेनेगेड्स के स्पिनरों का दबदबा

जेमिमा ने कहा, 'मैं यहां ब्रिस्बेन में हूं, क्या आप यकीन कर सकते हैं, आज के लिए बहुत उत्साहित हूं, चलो शुरू करते हैं।' हीट के लिए नादिन डी क्लार्क (38 गेंदों पर 40) और चिनेल हेनरी (22 गेंदों पर 29) ने डटकर सामना किया लेकिन रेनेगेड्स के स्पिनरों ने मैच पर दबदबा बनाए रखा और टीम की पारी 20 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गई। रेनेगेड्स की कप्तान जॉर्जिया वेयरहैम (12 रन पर तीन विकेट) और कैप्सी (22 रन पर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया जबकि टेस फ्लिंटॉफ (30 रन पर तीन विकेट) आखिरी ओवरों में हीट को वापसी का मौका नहीं दिया।

## एमएलएस कप : मेसी ने दागे दो गोल, सेमीफाइनल में इंटर मियामी



**फोर्ट लाउडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दो गोल और दो गोल में मदद करने से इंटर मियामी ईस्टर्न कांफ्रेंस प्लेऑफ सीरीज के पहले दौर के निर्णायक तीसरे मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त नैशविले एससी को 4–0 से हराकर ईस्ट सेमीफाइनल्स में पहुंच गया। इससे अब मेसी और इंटर मियामी एमएलएस कप खिताब से तीन जीत दूर हैं। मेसी ने पहले हाफ में दो गोल दागे जबकि तादेओ अलेंदे को दूसरे हाफ में दो गोल करने में मदद की। इस तरह इंटर मियामी ने सीरीज में नैशविले को 8–3 से हरा दिया। मेसी ने इन सभी आठ गोल में योगदान दिया, जिनमें से पांच गोल उन्होंने किए और बाकी तीन गोल करने में मदद की। इंटर मियामी अब ईस्ट सेमीफाइनल मैच के लिए एफसी सिनसिनाटी से भिड़ेगा। यह नॉकआउट होगा।

## तीसरे टी20 में जैमीसन ने की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया, श्रृंखला में 2-1 की बढ़त

एजेंसी ▸▸| नेलसन

न्यूजीलैंड ने काइल जैमीसन की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को नौ रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है। जैमीसन ने गुरुवार को दूसरे मैच में भी आखिरी ओवर फेंका था, जिसे न्यूजीलैंड ने तीन रन से जीत लिया था। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। तीनों मैचों का फैसला अंतिम ओवर में हुआ है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 177 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 13वें ओवर में 88 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे, जिससे लग रहा था कि न्यूजीलैंड आसानी से जीत जाएगा। लेकिन रोमारियो शेफर्ड ने 34 गेंद में 49 और शमर स्प्रिंगर ने 20 गेंद में 39 रन बना दिए। इससे वेस्टइंडीज को अंतिम ओवर में जीत के लिए 14 रन की दरकार थी। शेफर्ड और अकील होसेन क्रीज पर थे। आखिरी ओवर फेंकने की जिम्मेदारी फिर से लंबे कद के तेज गेंदबाज जैमीसन को दी गई। उन्होंने संयम से गेंदबाजी करते हुए पहली चार गेंद में सिर्फ दो रन दिए और पांचवीं गेंद पर शेफर्ड को आउट कर मैच खत्म कर दिया।



### पुछल्ले बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला

एक बार फिर शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। मेहमान टीम ने पारी के दूसरे ओवर में जैकब डफी की गेंदों पर दो विकेट गंवा दिए। इससे पावरप्ले की में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन था। और फिर बीच के ओवरों में टीम ने 35 रन पर छह विकेट गंवा दिए। स्पिनर ईश सोढ़ी ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे।

### न्यूजीलैंड ने पांच ओवर में गंवाए छह विकेट

इससे पहले डेवोन कॉनवे ने 34 गेंद में 56 रन बनाकर न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत की। हालांकि टीम ने पांच ओवरों में 31 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। वेस्टइंडीज के शानदार क्षेत्ररक्षण से तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। जेसन होल्डर और मैट फोर्ड ने बेहतरीन गेंदबाजी की। फोर्ड ने 20 रन देकर दो और होल्डर ने 31 रन देकर दो विकेट झटकर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। टिम रॉबिन्सन (23) और रचिन रविंद्र (26) दोनों अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल सके।

## भारतीय फुटबॉल टीम के शिविर में शामिल हुए विलियम्स

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता को छोड़कर भारतीय नागरिकता लेने वाले फॉरवर्ड रेयान विलियम्स मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में बेंगलुरु में चल रही राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह जानकारी दी। पर्थ में जन्में 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने डिफेंडर जय गुप्ता के साथ शिविर में प्रवेश किया। एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, 'फॉरवर्ड रेयान विलियम्स और डिफेंडर जय गुप्ता बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए हैं।' भारतीय फुटबॉल के लिए इस नई पहल के तहत एआईएफएफ ने इस हफ्ते की शुरुआत में दो विदेशी खिलाड़ियों (विलियम्स और अबनीत भारती) को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया। यह कदम मुश्किल दौर से गुजर रही महासंघ के दृष्टिकोण में एक साहसिक बदलाव को दर्शाता है।




- जबलपुर स्टेशन बना वेंडरों का अड्डा, यात्रियों से मारपीट और लूटपाट के बढ़े मामले
- वेंडरों की दबंगई से दहशत में यात्री, जीआरपी ने एक आरोपी को पकड़ा

# रेलवे स्टेशन पर वेंडरों की गुंडागर्दी! यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ा

हरिभूमि जबलपुर।

रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों की गुंडागर्दी अब यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ी चिंता बन गई है। बीती शाम प्लेटफॉर्म पर वेंडरों द्वारा एक यात्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया, जिससे स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जीआरपी (रेल पुलिस) की टीम मौके पर पहुंची और एक आरोपी वेंडर को हिरासत में ले लिया।

बताया जा रहा है कि ट्रेन के अंदर वेंडर सामान बेच रहे थे, तभी एक यात्री को धक्का लग गया। यात्री ने उन्हें सावधानी से चलने की बात कही, जिस पर वेंडर गुस्सा हो गया और बहस शुरू हो गई। मामला यहीं नहीं रुका वेंडर ट्रेन से उतरकर अपने कुछ और साथियों को बुला लाया और फिर सभी ने मिलकर ट्रेन के



गेट पर ही यात्री के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे ट्रेन से नीचे उतारने की भी कोशिश की गई। लगभग 5 मिनट तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। तभी मौके पर मौजूद जीआरपी जवानों ने बीच-बचाव कर एक वेंडर को पकड़ लिया और थाने ले गए।

### सोमनाथ एक्सप्रेस में भी हुई थी गुंडागर्दी

यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 15 जुलाई को वेरावल–जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस में भी वेंडरों की गुंडागर्दी देखने को मिली थी। ट्रेन में एक यात्री ने रेल मंत्री को ट्वीट कर खाने और पानी की बोतलें अधिक कीमत पर बेचने की शिकायत की थी। आरोप है कि शिकायत के बाद वेंडर उस यात्री के कोच में पहुंचे और सीट पर जाकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी थी।

### समोसे के लिए घड़ी उतार लेने की घटना

इसके अलावा 17 अक्टूबर को जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर भी वेंडरों की दबंगई सामने आई थी। एक यात्री ने वेंडर से समोसे खरीदे और यूपीआई से भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रांजेक्शन फेल हो गया। इसी दौरान ट्रेन चलने लगी, जैसे ही यात्री चढ़ने लगा, वेंडर ने उसका कॉलर पकड़ लिया और उसकी कलाई से जबरन घड़ी उतार ली थी। मामले में तब रेलवे द्वारा संबंधित वेंडर का लाइसेंस निरस्त कर कार्रवाई की गई थी।

### यात्रियों में भय, ठोस कार्रवाई की मांग

आए दिन सामने आ रही इन घटनाओं से यात्रियों में भारी आक्रोश है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशनों पर वेंडरों की मनमानी और दबंगई ने असुरक्षा का माहौल बना दिया है। लोग रेलवे प्रशासन और पुलिस से अवैध वेंडरों पर सख्त कार्रवाई, लाइसेंस जांच और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

36 करोड़ 44 लाख का राजस्व अर्जित किया

# टिकट जांच में जबलपुर मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन पर मण्डल में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में जबलपुर रेल मंडल के टिकट निरीक्षकों की टीम ने बिना टिकिट/अनबुकड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध अक्टूबर 2025 माह में टिकट जांच के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की है। इस माह मंडल ने कुल 57 हजार अनाधिकृत यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए ₹3.86 करोड़ का रेल राजस्व अर्जित किया है।

यह प्रदर्शन न केवल निर्धारित मासिक लक्ष्य (44 हजार मामले




एवं ₹2.64 करोड़) से अधिक है, बल्कि पिछले वर्ष के इसी माह के आंकड़ों 38 हजार मामले एवं ₹2.16 करोड़ की तुलना में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।

इस प्रकार, जबलपुर मंडल ने पिछले वर्ष की तुलना में 50% मामलों में वृद्धि तथा राजस्व में 78.7% की बढ़ोतरी दर्ज की है। वहीं मासिक लक्ष्य की तुलना में मामलों में 29% एवं राजस्व में 46% की वृद्धि हुई है, जो अक्टूबर माह का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में अक्टूबर 2025 तक मंडल ने कुल 4.99 लाख मामलों में कार्रवाई करते हुए ₹36.44 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 4.31 लाख मामले एवं ₹29.74 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। यह मामलों में 15.8% वृद्धि एवं राजस्व में 22.54% की वृद्धि को दर्शाता है।

गौरतलब है कि मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित ₹36.40 करोड़ के संचयी लक्ष्य के विरुद्ध 100.12% उपलब्धि प्राप्त की है, जो जबलपुर मंडल के सतत उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं राजस्व वृद्धि का प्रमाण है।

बरगी रोड की वारदात भी कबूली, सोने-चांदी के जेवर जब्त

# जबलपुर से नागपुर जा रही बस में चोरी करने वाली दो महिलाएं सिवनी में गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर से नागपुर जा रही यात्री बस में चोरी करने वाली दो महिला आरोपियों को सिवनी पुलिस ने धर दबोचा। दोनों महिलाएं नागपुर का टिकट लेकर मुजाहिद बस में सफर कर रही थीं। पुलिस को सूचना मिलने पर बस को सिवनी में रोका गया और तलाशी में उनके पास से सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई महिलाओं की पहचान यशोदा लोंडे और सुधा गायकवाड़ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान दोनों के बैग से मिले जेवरों के संबंध में वे कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं। पूछताछ में उन्होंने कबूल किया कि ये जेवर चलती बस में एक महिला यात्री के बैग से चुराए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों ने जबलपुर के बरगी रोड क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया है। पुलिस ने जेवर जब्त कर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों और बरामद जेवरों की जानकारी जबलपुर जिले के सभी थानों सहित आसपास के जिलों को भेज दी गई है।

# सीजन में पहली बार दहाई से नीचे उतरा पारा, जल्द दस्तक देगी कड़ाके की ठंड

**जबलपुर।** मौसम अब सर्द होने लगा है, इस सीजन में पहली बार पार, दहाई के अंक से नीचे उतर आया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है की अब ठंड जोर पकड़ेगी, इन हालातों में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वालों की चिंता प्रशासन को करनी होगी। विगत वर्षों से पर्यावरण और वायू प्रदूषण की बात करके सार्वजनिक अलाव लगाने बंद कर दिये गये हैं। ऐसे में रैन बसेरे ही गरीबों के लिये मुख्य साधान हैं। आसमान पर छाई बादलों की परत जैसे जैस छठ रही है, ठंड जोर पकड़ रही है। दिन में भी अब ठंड असर दिखाने लगी है, रात में तेजी से गिरावट आ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 72 घंटों में पारे में और गिरावट आएगी और कड़ाके की ठंड



शुरु होगी। मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुताबिक पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.2 सामान्य से 2 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 9.8 सामान्य से 5 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 62 प्रतिशत और सांय काल 54 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6:21 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 5:28 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 30.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 11.09 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे कम 8 डिग्री तापमान राजगढ़ जिले में दर्ज किया गया। उत्तर-पूर्वी हवाएं 3 से 4 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घण्टे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# लूट के 2 इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी थाना पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान लूट के मामले में फरार दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने उनके कब्जे से छीने गए रुपयों में से 2 हजार रुपये नगद और वारदात में इस्तेमाल एक चाकू बरामद किया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 मई 2025 की रात करीब 8:30 बजे बजरंग नगर स्थित होटल संचालक सीताराम सैनी (51) से आरोपी साहिब बेन और उसके साथी ने चाकू लगाकर मारपीट की और 5 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना में पीड़ित के चेहरे पर चोट आई थी। रिपोर्ट पर थाना रांझी में बीएनएस की धारा 296, 309(4), 118(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। 8-9 नवंबर की रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य आरोपी साहिब बेन घर पर है। पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ा, जिसने अपने साथी भोला उर्फ अनुज बेन के साथ वारदात करना कबूल किया। दोनों की निशानदेही पर 2 हजार रुपये और चाकू जप्त कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

**घटना में चाकू और 2 हजार रुपये जप्त**




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240